



दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 233

ग्वालियर, शुक्रवार 13 मई 2022

ृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## उत्तर कोरिया में पहली बार फूटा कोरोना बम!

### एक भी शख्स को नहीं लगा है टीका, फुस्स निकला जीरो कोविड केस का दावा

**प्योंगयांग।** जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही थी तब उत्तर कोरिया जीरो कोविड केस का दावा कर रहा था। महामारी की त्रासदी से खुद को सुरक्षित बताने वाले देश से अब प्रकोप की खबरें आ रही हैं। गुरुवार को स्थानीय सरकारी न्यूज एजेंसी ने बताया कि उत्तर कोरिया ने अपनी पहली कोरोना लहर की पुष्टि की है। इससे एक भयानक मानवीय संकट का खतरा पैदा हो गया है क्योंकि उत्तर कोरिया उन देशों में शामिल है जहां अभी तक टीकाकरण शुरू नहीं हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने प्योंगयांग के लोगों में कोरोना वेरिएंट ओमीक्रोन के बीए।2 सब-वेरिएंट का पता लगाया है। हालांकि मामलों की संख्या अभी उजागर नहीं की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है ?कि हमारे इमरजेंसी क्वारंटीन फ्रंट में सेंध के बाद देश में सबसे बड़ा आपातकालीन संकट खड़ा हो गया है। इस फ्रंट ने फरवरी 2020 के बाद से दो साल तीन महीने तक लोगों को सुरक्षित रखा। उत्तर कोरिया ने जनवरी 2020 में ही अपनी सीमाएं बंद कर दी थीं और अब तक शून्य कोविड केस दर्ज करने वाले देशों में शामिल है। चीन के साथ विशालकाय भूमि सीमा साझा करने वाले उत्तर कोरिया के दावे पर एक्सपर्ट अक्सर सवाल उठाते रहे हैं। मेडिकल अधिकारी चेतावनी दे चुके हैं कि उत्तर कोरिया संयुक्त राष्ट्र समर्थित कोवेक्स की ओर से वैक्सीन की खेप को लगातार ठुकरा रहा है।



## ज्ञानवापी मस्जिद मामले में कोर्ट ने 17 मई से पहले दोबारा सर्वे का आदेश दिया, नहीं बदलेगा कमिश्नर

**वाराणसी।** बनारस स्थित विश्वनाथ मंदिर से लगी ज्ञानवापी मस्जिद मामले में सर्वे के लिए नियुक्त कोर्ट कमिश्नर को बदलने की मांग वाली याचिका पर गुरुवार को फैसला आ गया। कोर्ट ने 17 मई से पहले दोबारा सर्वे का आदेश दिया है। कोर्ट कमिश्नर भी नहीं बदला जाएगा। लगातार तीन दिन तक दोनों तरफ की बहस के बाद बुधवार को सिविल जज (सीनियर डिविजन) की अदालत में फैसला सुरक्षित कर लिया था।

कोर्ट ने आदेश दिया है कि मस्जिद समेत पूरे परिसर का सर्वे होगा। कोर्ट कमिश्नर की कार्यवाही जारी रहेगी। कोर्ट कमिश्नर अजय मिश्र को नहीं बदला जाएगा। विशाल सिंह को विशेष कमिश्नर बनाया गया है। जो पूरी टीम का नेतृत्व करेंगे। उनके साथ अजय प्रताप सिंह को भी शामिल किया गया है।



वादी पक्ष के अधिवक्ता ने कोर्ट से अपील की कि चाबी जिस किसी के पास हो, उससे ज्ञानवापी मस्जिद का तहखाना खुलवाएं या ताला तुड़वाएं। कोर्ट कमीशन को अंदर प्रवेश कराकर सर्वे पूरा कराया जाय। वहीं, विपक्षी अधिवक्ता ने सन-1937 के निर्णय का हवाला देते हुए कहा कि मस्जिद का कोर्ट यार्ड वक्फ बोर्ड की संपत्ति है तो उसका सर्वे कैसे हो सकता है। इस प्रकरण में पहली बार काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के अधिवक्ता ने भी अपना पक्ष रखा। बुधवार को वादी अधिवक्ता सुधीर कुमार त्रिपाठी ने कहा था कि कोर्ट कमिश्नर अपना कार्य निष्पक्षता से कर रहे थे। विपक्षी अंजुमन इंतजामिया कमेटी की ओर से इस सर्वे को बाधित करने की नीयत से अर्जी दी गई है जो कहीं से उचित नहीं है। राखी के अधिवक्ता शिवम गौड़ ने न्यायालय को इसी प्रकरण में 21 अप्रैल के हाईकोर्ट के आदेश की प्रति सौंपते हुए कहा कि विपक्षी अंजुमन इंतजामिया कमेटी ने सर्वे की कार्यवाही रोकने के लिए अर्जी दी थी, लेकिन अदालत ने उसे खारिज कर दिया था। अब विपक्षी अधिवक्ता कोर्ट कमिश्नर की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे है, जो उचित नहीं है। उन्होंने अदालत से कहा विपक्षी की आपत्ति कोर्ट कमिश्नर की कार्यवाही रोकने के लिए बाध्य नहीं है।

### ताजमहल मामला: जनहित याचिका की व्यवस्था का दुरुपयोग न करें: इलाहाबाद हाईकोर्ट



**लखनऊ।** प्रेम के प्रतीक और ऐतिहासिक स्मारक ताजमहल के 22 कमरों को खोलने को लेकर दायर याचिका पर इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ में सुनवाई हुई। जस्टिस डीके उपाध्?याय और जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की पीठ में यह सुनवाई हो रही है। इस दौरान जस्टिस डीके उपाध्?याय ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाई। उन्?होंने जनहित याचिका की व्?यवस्?था का दुरुपयोग न करने की बात कही। यह भी कहा कि कल आप आएंगे और कहेंगे कि हमें माननीय जज के चेंबर में जाने की इजाजत चाहिए। याचिकाकर्ता से हाई कोर्ट ने कहा कि आप मानते हैं कि ताजमहल को शाहजहां ने नहीं बनाया है? क्?या हम यहां कोई फैसला सुनाने आए हैं? जैसे कि इसे किसने बनवाया था या ताजमहल की उम्र क्या है? आपको जिस बारे में पता नहीं है, उस पर रिसर्च करिए। जाइए एमए कीजिए, पीएचडी कीजिए, अगर आपको कोई संस्थान रिसर्च करने से रोक रहा है तो फिर हमारे पास आइए। हाई कोर्ट ने कहा कि आपने ताजमहल के 22 कमरों की जानकारी किससे मांगी? इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि हमने अथॉरिटी से जानकारी मांगी थी। तब हाई कोर्ट ने कहा कि यदि उन्होंने कहा है कि सुरक्षा कारणों से कमरे बंद हैं तो यह जानकारी है। यदि आप इससे संतुष्ट नहीं हैं तो इसे चुनौती दें। कोर्ट में याचिकाकर्ता ने उन कमरों में जाने की इजाजत मांगी। इस पर हाई कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि कल आप आकर कहेंगे कि हमें माननीय जजों के चैंबर में जाना है। कोर्ट ने कहा कि जनहित याचिका का मजाक न बनाएं। इसके बाद हाई कोर्ट ने सुनवाई के लिए 2 बजे का समय नियत कर दिया।

## आजम खान के समर्थन में आईं मायावती बीजेपी पर लगाया मुस्लिमों को टारगेट करने का आरोप

**नई दिल्ली।** आजम खान की अखिलेश यादव से नाराजगी और उनकी जमानत को लेकर पिछले कुछ दिनों से हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक चल रही कानूनी लड़ाई के बीच बसपा सुप्रीमो मायावती उनके समर्थन में आ गई हैं।



मायावती ने गुरुवार को एक के बाद एक ट्वीट कर बीजेपी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी यूपी और अपने द्वारा शासित अन्य राज्यों में गरीबों, दलितों, आदिवासियों और मुस्लिमों को टारगेट कर रही है। जुल्म, ज्यादती और भय का शिकार बनाकर उन्हें परेशान किया जा रहा है। मायावती ने कहा कि यही काम कांग्रेस भी करती रही है। मायावती ने लिखा-यूपी और अन्य बीजेपी शासित राज्यों में भी, कांग्रेस की ही तरह, जिस प्रकार से टारगेट करके गरीबों, दलितों, आदिवासियों और मुस्लिमों को जुल्म-ज्यादती और भय आदि का शिकार बनाकर उन्हें परेशान किया जा रहा है वो अति-दुःखद है। जबकि दूसरों के मामलों में इनकी कृपादृष्टि जारी है। दूसरे ट्वीट में उन्होंने लिखा-इसी क्रम में यूपी सरकार द्वारा अपने विरोधियों पर लगातार द्वेषपूर्ण व आतंकित कार्यवाही तथा वरिष्ठ विधायक मोहम्म्द आज़म खान को करीब सवा दो वर्षों से जेल में बन्द रखने का मामला काफी चर्चाओं में है, जो लोगों की नज़र में न्याय का गला घोंटना नहीं तो और क्या है अपने तीसरे ट्वीट में मायावती ने बुलडोजर ऐक्शन पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा- साथ ही, देश के कई राज्यों में जिस प्रकार से दुर्भावना व द्वेषपूर्ण रवैया अपनाकर प्रवासियों व मेहनतकश समाज के लोगों को अतिक्रमण के नाम पर भय व आतंक का शिकार बनाकर, उनकी रोजी-रोटी छीनी जा रही है, वह अनेकों सवाल खड़े करता है जो अति-चिन्तनीय भी है।

## मोहाली में आतंकी हमले के बाद पंजाब की 170 इमारतों की सुरक्षा करेंगे 2 हजार जवान

**चंडीगढ़।** मोहाली में हुए आतंकी हमले के बाद अब पंजाब सरकार ने सूबे की महत्वपूर्ण इमारतों की सुरक्षा के लिए खाका तैयार करना शुरू कर दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने राज्य के 23 जिलों में करीब 170 ऐसी इमारतों को चिन्हित किया है, जिनकी सुरक्षा में लगभग 2000 जवानों को तैनात करने की योजना है।



सूत्रों का कहना है कि लुधियाना कोर्ट परिसर में हुए ब्लास्ट के बाद मोहाली स्टेट इंटेलिजेंस की इमारत पर हमला, ब्लास्ट की दूसरी घटना है। सरकार ने इसे अब गंभीरता से लिया है। मौहाली ब्लास्ट की घटना को पुलिस आतंकी घटना से जोड़ कर भी देख रही है, लेकिन आतंकी हमले की अभी पुलिस ने पुष्टि नहीं की है। डीजीपी ने हर जिले के अधिकारियों को सतर्क रहने के आदेश जारी किए हैं और अपने-अपने इलाकों में महत्वपूर्ण स्थलों और इमारतों की कड़ी निगरानी करने को कहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक मोहाली, फिरोजपुर सेंसिटिव कैटेगिरी में, जबकि अमृतसर, जालंधर, पठानकोट, फिरोजपुर, पटियाला जिले को हाइपर सेंसिटिव कैटेगरी में रखा गया है। मोहाली में हाईपर सेंसेटिव इमारतों की सबसे ज्यादा संख्या 37 है। दूसरा स्थान अमृतसर का है, जहां कई केंद्रीय और राजकीय सुरक्षा एजेंसियों के हेडक्वार्टर समेत 17 हाइपर सेंसिटिव इमारतें हैं।

## देश ने संकल्प लिया है, शत प्रतिशत लाभार्थियों तक पहुंचने का : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने गुजरात के भरूच में आयोजित उत्कर्ष समारोह के लाभार्थियों से बातचीत की। पीएम मोदी कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होकर पीएमम के लाभार्थियों से बातचीत भी की। बता दें कि गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। पीएम ने कहा, ये उत्कर्ष समारोह इसका प्रमाण है कि जब सरकार ईमानदारी से, एक संकल्प लेकर लाभार्थी तक पहुंचती है, तब कितने सार्थक परिणाम मिलते हैं। मैं भरूच जिला प्रशासन को, गुजरात सरकार को सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी 4 योजनाओं के 100 फीसदी पूरा होने के लिए बधाई देता हूं। मोदी ने कहा कि अक्सर जानकारी के अभाव में अनेक लोग योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। कभी-कभी योजनाएं कागज पर रह जाती हैं, लेकिन जब



इरादा साफ हो, नीति साफ हो, नेकी से काम करने का इरादा हो, सबका साथ-सबका विकास की भावना हो, तब इससे नतीजे भी मिलते हैं।

पीएम ने कहा कि दिल्ली से देश की सेवा करते हुए मुझे 8 साल पूरे हो रहे हैं। ये 8 वर्ष सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे। आज जो कुछ भी मैं कर पा रहा हूं, वहां मैंने आपके बीच ही सीखा है। 2014 में जब आपने हमें सेवा का मौका दिया था तब देश की करीब-करीब आधी आबादी शौचालय की सुविधा से, टीकाकरण की सुविधा से, बिजली कनेक्शन की सुविधा से, बैंक अकाउंट की सुविधा से वंचित थी। सभी के प्रयासों से अनेक योजनाओं को शत प्रतिशत सैचुरेशन के करीब ला पाए हैं। देश ने संकल्प लिया है, शत प्रतिशत लाभार्थियों तक पहुंचने का।

### एनएच-33 पर पिकअप वैन के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार लोगों की मौत

रांची। जमशेदपुर के पास चांडिल थाना क्षेत्र में एनएच-33 पर गुरुवार सुबह पिकअप वैन के दुर्घटनाग्रस्त होने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए।बताया जा रहा हैं कि पिकअप वैन पर सवार एक दर्जन से ज्यादा लोग एक वैवाहिक समारोह से लौट रहे थे। चिलगू गांव के पास चालक ने नियंत्रण खो दिया और पिकअप वैन सड़क के किनारे पुलिया की रेलिंग से जा टकराई। हादसे में तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक व्यक्ति की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। मृतकों में एक शैलेंद्र मछुआ की पहचान हुई है, जबकि तीन अन्य की शिनाख्त होनी अभी बाकी है। घायलों में सोनू सिंह, लव सिंह मुंडा, शिबूमछुआ, बुद्धेश्वर मुंडा और अजय महतो के अलावा अन्य भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि वैन पर सवार सभी लोग पास के उरमाल गांव के रहने वाले थे।

## कोरोना अभी गया नहीं केरल में टोमैटो फ्लू की आहट, बच्चों को बना रहा अपना शिकार

**नई दिल्ली।** महामारी कोरोना के दंश से अभी देशवासी अभी उबर भी नहीं पाए है और अब एक नई बीमारी की आहट ने चिंता बढ़ा दी हैं। अब जो नई बीमारी सामने आई है, उसका नाम टोमैटो फ्लू है। चूंकि इस बीमारी से संक्रमित होने पर शरीर पर लाल छाले जैसे पड़ जाते हैं, इसलिए इसे टोमैटो फ्लू नाम दिया गया है। यह बीमारी बच्चों को अपना शिकार बना रही है।

टोमैटो फ्लू का संक्रमण केरल के कोल्लम जिले में फैल रहा है। यहां अब तक 80 बच्चों में इसका संक्रमण मिल चुका है। जो बच्चे इससे संक्रमित हुए हैं, उन सभी की उम्र 5 साल से कम है। केरल में बढ़ते टोमैटो फ्लू के मामलों के बाद तमिलनाडु और कर्नाटक में भी हाई अलर्ट जारी हो गया है। टोमैटो फ्लू एक रेयर वायरल बीमारी है। इससे संक्रमित होने पर शरीर पर लाल रंग के चकत्ते पड़ जाते हैं, स्किन में जलन होती है और डिहाइड्रेशन की समस्या आती है। इस बीमारी में शरीर पर लाल रंग के छाले जैसे बन जाते हैं, जो टमाटर जैसे दिखते हैं, इसलिए इसका नाम टोमैटो फ्लू पड़ा है। टोमैटो फ्लू अभी बच्चों में फैल रहा है। केरल में 5 साल से कम उम्र के बच्चे ही इससे संक्रमित हो रहे हैं। टोमैटो फ्लू में चिकनगुनिया जैसे लक्षण ही दिखते हैं। इससे संक्रमित होने पर तेज बुखार, शरीर में दर्द, जोड़ों में सूजन और थकान होती है।



हालांकि, इससे संक्रमित बच्चों में त्वचा में जलन और चकत्ते भी पड़ रहे हैं, जिससे शरीर के कुछ हिस्सों पर छाले पड़ जाते हैं। इससे संक्रमित होने पर पेट में ऐंठन, उल्टी या दस्त की शिकायत भी होती है। इसके साथ ही हाथ और घुटनों के अलावा शरीर के कुछ हिस्सों का रंग भी बदल जाता है।

हालांकि, ये बीमारी आई कहां से, इस बारे में अभी तक कुछ पता नहीं चला है। स्वास्थ्य अधिकारी अभी भी टोमैटो फ्लू के सही कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, केरल के कोल्लम जिले में 80 से ज्यादा बच्चे टोमैटो फ्लू से संक्रमित मिले हैं। कोल्लम के अलावा अर्यानकावु, आंचल और नेंदूवाथुर में भी कुछ मामले सामने आए हैं। केरल में मामले बढ़ने के बाद उससे सटे मंगलुरु, उडुपी, कोडागु, चामराजनगर और मैसूर में निगरानी बढ़ा दी गई है। केरल से आने वाले यात्रियों की निगरानी करने के आदेश दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि ये बीमारी नई है और अभी तक इसके बारे में ज्यादा जानकारी मौजूद नहीं है, इसलिए इसका कोई पुख्ता इलाज नहीं है।

## राष्ट्रीय राजधानी सहित आधा दर्जन राज्यों में फिर होगा भीषण गर्मी का कहर

### कई प्रदेशों में भारी बारिश की भी संभावना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भीषण गर्मी का दौर एक बार फिर बढ़ने लगा है। बुधवार से सूर्य की तपिश ने लोगों को परेशान कर दिया है। गर्मी के साथ उमस भी लोगों की परेशानियां बढ़ा रही हैं। अब शुक्रवार से राजधानी लू की चपेट में आ सकती है। लू का यह प्रकोप रविवार तक जारी रहेगा। सोमवार से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से राजधानी के तापमान फिर से कुछ कम होंगे। हरियाणा, राजस्थान समेत कई राज्यों में भीषण गर्मी जारी है। उधर, यूपी, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश आदि कई राज्य हैं, जहां पर चक्रवाती तूफान असानी की वजह से तेज बारिश होगी। स्काईमेट वेदर के मुताबिक गुरुवार को गुजरात व राजस्थान के कई हिस्सों, विदर्भ, मराठवाड़ा, उत्तरी मध्य महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और दक्षिण हरियाणा के अलग-अलग हिस्सों में लू की स्थिति संभव है।



भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में अगले पांच दिनों तक भयंकर गर्मी पड़ेगी। इस दौरान लू भी लोगों को परेशान करेगी। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया पूर्वी भारत में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी के आसार कम हैं, लेकिन इसके बाद दो से चार डिग्री तक पारा बढ़ सकता है। वहीं राजस्थान में तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। ऐसा ही हाल मध्य प्रदेश का रहना वाला है। यहां 15 मई तक लू चलने के आसार हैं। इसके अलावा हरियाणा, दिल्ली व पंजाब में भी 12 से 15 मई तक भयंकर गर्मी पड़ने के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक आज आसमान साफ रहेगा। धूप काफी तेज रहेगी। अधिकतम तापमान 43 और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री तक रह सकते हैं। इसके बाद 13 से 15 मई तक लू का प्रकोप रहेगा। इस दौरान तापमान 44 डिग्री के आसपास रह सकते हैं। इसके बाद 16 मई से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर राजधानी पर पड़ेगा। इसकी वजह से बादल छाएंगे। तापमान करीब 1 से दो डिग्री तक कम हो सकते हैं। 17 मई तक तापमान 41 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है।

## भारतीय राजनीति में मोदी का आना अद्भुत घटना मानते हैं उनके आलोचक: नायडू

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आलोचक भी इस बात से सहमत दिखते हैं कि भारतीय राजनीति में उनका प्रादुर्भाव एक ''अद्भुत घटना'' है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जिस प्रकार आजादी के आंदोलन को संभ्रांत लोगों के हाथों से लेकर उसे जन आंदोलन का स्वरूप दिया, उसी प्रकार मोदी ने विकास कार्यों को जन आंदोलन में तब्दील किया है। उपराष्ट्रपति नायडू ने कहा कि मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी मूल्यवान प्रवीणता का प्रभावी इस्तेमाल अपने राज्य के विकास की कहानी लिखने में किया और बाद में देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने



उसे गति दी। विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में ''मोदी 20 ड्रीम्स मीट डिलीवरी'' पुस्तक का विमोचन करने के बाद नायडू ने कहा कि मोदी की दूरदृष्टि, उनके सपने और भारत को लेकर उनके मिशन को उनकी व्यापक यात्राओं और अंतर्दृष्टि से एक आयाम मिला। उन्होंने कहा कि यह मौलिक अंतर है, जो मोदी को कई मायनों में अलग करता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज के समय में संभवतः दूसरा ऐसा कोई व्यक्ति सार्वजनिक जीवन में नहीं है, जिसकी यात्रा मोदी के अनुभवों के बराबर हो। नायडू ने कहा कि मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जिनका जन्म आजादी के बाद हुआ और जिसने पिछले 20 सालों में आजादी के बाद के भारतीय इतिहास में एक विशेष स्थान बनाया है। उन्होंने कहा, यहां तक कि उनके निंदक और विरोधी भी इस बात से सहमत दिखते हैं कि भारतीय राजनीति में मोदी का प्रादुर्भाव एक अद्भुत घटना है। आप उन्हें पसंद करें या ना करें, लेकिन ऐसा ही है।'' नायडू ने कहा कि मोदी की अंतरराष्ट्रीय जगत में भी पहचान है और उनका सम्मान किया जाता है।

## खास खबर

### चीन में विमान के रनवे से उतरने पर लगी आग

**बीजिंग।** चीन के दक्षिण-पश्चिम चोंगकिंग शहर में तिब्बत एयरलाइन के विमान में रनवे से उतर जाने के कारण आग लग गई, जिससे 40 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। 'तिब्बत एयरलाइन ने बताया कि चोंगकिंग से तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के न्यिंगची शहर जा रहे विमान में 113 यात्री और चालक दल के 9 सदस्य सवार थे। विमान से सभी लोगों को निकाल लिया गया है। खबर के अनुसार, हादसे में 40 से अधिक लोगों को मामूली चोटें आई हैं। खबर के अनुसार, 'चाइना सेंट्रल टेलीविजन% (सीसीटीवी) द्वारा जारी वीडियो में चोंगकिंग जियांगबेई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तिब्बत एयरलाइन्स के विमान के आगे के हिस्से से आग की लपटें और काला धुआं निकलता दिखाई दे रहा है। लोग अफरा-तफरी में पिछले दरवाजे से विमान से बाहर निकलते नजर आ रहे हैं। आग पर काबू पा लिया गया है और रनवे फिलहाल बंद है। विमान तिब्बत के न्यिंगची के लिए रवाना होने वाला था और तभी उसमें आग लग गई।

### बद्रीनाथ धाम की यात्रा पर आए तीन श्रद्धालुओं की मौत

**गोपेश्वर।** बद्रीनाथ धाम की यात्रा पर आए तीन श्रद्धालुओं की हृदयगति रुकने से मौत हो गई। इसमें से एक श्रद्धालु की मौत पंचम केदार कल्पेश्वर धाम में हुई। उधर, केदारनाथ धाम में भी गुजरात के एक श्रद्धालु ने हृदयगति रुकने से दम तोड़ दिया। इसी के साथ चारों धाम में हृदयगति रुकने से मरने वालों की संख्या अब 26 पहुंच गई है। स्वजन के साथ बद्रीनाथ धाम यात्रा पर आई सीकर (राजस्थान) निवासी रामप्यारी को सीने में तेज दर्द की शिकायत होने पर तत्काल चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दूसरे मृत श्रद्धालु की पहचान नहीं हुई है। बताया गया कि बुधवार रात पुलिस को बद्रीनाथ धाम में देवदर्शनी के पास एक श्रद्धालु के बेहोश पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस ने श्रद्धालु को तत्काल चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उस मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृत श्रद्धालु का एक हाथ नहीं है। वहीं, जोशीमठ के कोतवाल ने बताया कि हरियाणा के बेगमपुर (पानीपत) निवासी संदीप (38) चार साथियों के साथ पंचम केदार कल्पेश्वर धाम पहुंचे थे। बुधवार सुबह वह मंदिर के पास पैदल रास्ते में अचानक गिरकर बेहोश हो गए। संदीप को 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोशीमठ पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर, केदारनाथ धाम में मंगलवार देर रात बड़ौदा (गुजरात) निवासी खंडरोव (59) को अचानक तबीयत बिगड़ने पर स्थानीय विवेकानंद हास्पिटल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### दिल्ली क्राइम ब्रांच ने जासूसी के आरोप में वायु सेना के जवान को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** शबाब के शौकीन भारतीय वायु सेना के एक जवान को जासूसी के आरोप में दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने दबोचा है। आरोपी का नाम देवेंद्र शर्मा है। आरोप है कि देवेंद्र शर्मा को हनी ट्रैप में फंसा कर वायु सेना से जुड़ी संवेदनशील जानकारी जुटाने में प्रयास किया गया है। जैसे कितने राडार कहां-कहां तैनात हैं। इसके साथ ही आरोपी से उच्च अधिकारियों के नाम व पते मांगे गए। बताया जा रहा है कि पुलिस ने आरोपी देवेंद्र शर्मा को छह मई को खुफिया एजेंसी के इनपुट पर गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच के सूत्रों के अनुसार देवेंद्र शर्मा को धौला कुआं से गिरफ्तार किया गया है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### विश्व मुक्केबाजी के दूसरे दौर में पहुंची भारत की निकहत, परवीन और मनीषा

**इस्तांबुल ।** भारतीय महिला मुक्केबाज निकहत जरीन (52 किग्रा), परवीन (63 किग्रा) और मनीषा (57 किग्रा) भार वर्ग में अपने-अपने मुकाबले जीतकर इस्तांबुल में जारी आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दौर में पहुंच गयी हैं। जरीन ने शुरूआती मुकाबले में मेक्सिको की हेरेरा अल्वारेज को 5-0 से जबकि परवीन ने युक्रेन की मारिया बोवा को इतने ही अंतर से हराया। शुरुआती दौर में मनीषा को बाई मिली थी उन्होंने नेपाल की काला थापा को हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं तेलंगाना की जरीन का सामना 2021 एशियाई चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता मंगोलिया की लुटसाइखानी अल्तांतसेतसेग से होगा। परवीन ने विरोधी मुक्केबाज मारिया को लाइट वेल्टर वेट वर्ग के मुकाबले में हुए सर्वसम्मत फैसले में हराया। अब परवीन का सामना अगले दौर में अमेरिका की पूर्व युवा ओलंपिक चैंपियन जजाइरा गोंजालेज से होगा।

### केकेआर से अलग होंगे मैकुलम , इंग्लैंड के मुख्य कोच का पद संभालेंगे

**मुम्बई ।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कोच ब्रैंडन मैकुलम आईपीएल के इस सत्र के बाद केकेआर टीम के साथ नहीं रहेंगे। मैकुलम को इंग्लैंड टीम का मुख्य कोच बनाया गया है ओर अब वह ये अहम जिम्मेदारी संभालेंगे। केकेआर भी न्यूजीलैंड के इस पूर्व कप्तान को रिलीज करने के लिए तैयार हैं हालांकि उसका मैकुलम से पुराना नाता है। आईपीएल 2008 के शुरुआती मैच में मैकुलम ने केकेआर की ओर से 158 रनों की शानदार पारी खेली थी। उन्होंने कैरेबियाई प्रीमियर लीग में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स की ओर से भी खेला है। मैकुलम ने केकेआर से अलग होने की जानकारी एक टीम बैठक में दी क्योंकि अब उन्हें इंग्लैंड के मुख्य कोच कोच का पद संभालना है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज में मिली करारी हार के बाद ही सिल्वरवुड ने मुख्य कोच पद छोड़ दिया था। उसके बाद से ही इस प्रद पर अंतरिम कोच के तौर पर पूर्व कप्तान पॉल कॉलिंगवुड को रखा गया था। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने उस समय टेस्ट और सफेद गेंद क्रिकेट के लिए अलग-अलग कोच के लिए आवेदन मंगवाए थे।

### आईपीएल से बाहर हुए जडेजा , सीएसके ने इंस्टाग्राम से भी अनफॉलो किया

**मुम्बई ।** ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा के लिए समय अच्छा नहीं चल रहा है। पहले उनकी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कप्तानी हाथ से गयी और अब चोटिल होने से वह बचे हुए मैचों से भी बाहर हो गये हैं। यहां तक कि टीम ने उन्हें इंस्टाग्राम अकाउंट से भी अनफॉलो कर दिया है। इससे साफ है कि जडेजा और टीम प्रबंधन के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। वहीं दूसरी ओर सीएसके के सीईओ काशी विश्वनाथन ने कहा है कि जडेजा को मेडिकल टीम की सलाह पर आराम दिया गया है। गौरतलब है कि आईपीएल के इस सत्र में जडेजा का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। गेंदबाज और बल्लेबाजी के अलावा वह कप्तानी में भी विफल रहे। इसी कारण सीएसके भी अंकतालिक में नौवें स्थान पर खिसक गयी। एक रिपोर्ट के अनुसार सीएसके ने अपने इंस्टाग्राम से जडेजा को अनफॉलो कर दिया है जिसके बाद यह अटकलें तेज हो गयी हैं कि जडेजा और फ्रेंचाइजी के बीच मतभेद हैं। जडेजा को 15वें सत्र की शुरुआत से 2 दिन पहले ही टीम का कप्तान बनाया गया था पर उसकी कप्तानी में सीएसके नाकाम रही।



प्रीमियर लीग फुटबॉल में लीवरपूल के साडियो माने व एस्टन विला के इजेरी कोनसा गेंद के लिए संघर्ष करते हुए।

## जडेजा आईपीएल से बाहर होंगे

**नई दिल्ली ।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के ऑलरांडर रविन्द्र जडेजा चोटिल हो गये हैं और अब उनका लीग से भी बाहर होना तय है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जडेजा के अब बाकी बचे मुकाबले खेलने की कोई संभावनाएं नहीं हैं। जडेजा दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में भी शामिल नहीं थे। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ मैच में फील्डिंग के दौरान उनके हाथ में चोट लग गई थी। इससे पहले सीएसके टीम के खराब प्रदर्शन के कारण जडेजा को बीच में ही कप्तानी छोड़नी पड़ी थी। उनकी जगह महेंद्र सिंह धोनी को टीम का कप्तान बनाया गया था। पिछले कुछ दिनों से रवींद्र जडेजा की चोट पर लगातार नजर रखी जा रही है लेकिन बहुत ज्यादा सुधार नहीं हुआ है। ऐसे में सीएसके जडेजा को खिलाने का जोखिम नहीं लेना चाहेगी क्योंकि चेन्नई के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद बेहद बेहद कम है। जडेजा के लिए आईपीएल 2022 अच्छा नहीं रहा। उन्होंने अब तक खेले 10 मुकाबले में 5 विकेट लेने के साथ 116 रन बनाए हैं।

## ऑल इण्डिया जूनियर टेनिस टूर्नामेंट 16 मई से

**इन्दौर ।** मध्य प्रदेश टेनिस संघ के द्वारा ऑल इण्डिया चैम्पियनशपि सीरीज जूनियर टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन 16 मई से इन्दौर टेनिस क्लब में आयोजित किया जाएगा। मध्य प्रदेश टेनिस संघ के सचिव अनिल धूपर ने बताया कि यह टूर्नामेन्ट 16 मई से 20 मई 2022 तक आयोजित किया जाएगा जिसमें 14 मई एवं 15 मई को क्वालिफाइंग राउण्ड खेले जाएंगे। इस टूर्नामेन्ट में देषभर से लगभग 200 खिलाीगण भाग लेंगे। जिसमें बालक एवं बालिका 14 वर्ष एवं 16 वर्ष आयु के खिलाी होंगे।

# मुम्बई को हराकर अपनी संभावनाएं बनाए रखने आईपीएल में उतरी सीएसके

### शाम 7.30 बजे से होगा मैच

**मुंबई ।** आईपीएल के 15 वें सत्र में गुरुवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का मुकाबला मुम्बई इंडियंस से होगा। सबसे अधिक बार खिताब विजेता रहीं ये दोनो ही टीमें इस बार पूरी तरह से विफल रही हैं। ऐसे में अब दोनो ही टीमों का लक्ष्य इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर अपना सम्मान बचाना रहेगा। यह दोनो ही टीम अंक तालिका में सबसे नीचे हैं। मुम्बई जहां पहले ही प्लेऑफ से बाहर हो गयी है , वहीं सीएसके की भी संभावनाएं तकरीबन समाप्त हैं पर अभी उसके दो मैच बचे हैं , इस कारण वह तकनीकी रुप से अभी दौड़ से बाहर नहीं हुई है। सीएसके अगर इस मुकाबले में हारती है तो बाहर हो जाएगी जबकि अगर जीतती है तो मुकाबले में बनी रहेगी। उसने पिछले मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को 91 रन से हराया था और अब उसे इस लय को बरकरार रखने की उम्मीद है। सीएसके टीम की बल्लेबाजी कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के अलावा सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे पर भी टिकी है। कॉनवे ने इस सत्र में अब तक पारी की शुरुआत करते हुए तीन अर्धशतक लगाये हैं पर इस मैच में टीम को जीत दर्ज करनी है तो रूतुराज गायकवाड़ को भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इस मैच में ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा का खेलना भी संदिग्ध है क्योंकि दिल्ली के खिलाफ पिछले मैच में वह चोटिल हो गये थे। इस मैच में जीत के लिए सीएसके टीम को बड़ा स्कोर बनाना होगा। पिछली बार धोनी ने अंतिम क्षणों में शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलायी थी और अब टीम को उनसे इसी प्रकार के प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। वहीं गेंदबाजी में सीएसके की टीम कमजोर नजर आती है। उसके पास स्पिनर मोईन अली के अलावा युवा तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी और सिमरनजीत सिंह हैं। इस मैच में जीत के लिए इनको मुम्बई के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना होगा।

इसके अलावा टीम के पास स्पिनर महीष तीक्षणा है और ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो हैं जो मुकाबले में अंतर पैदा कर सकते हैं। वहीं मुंबई की टीम के लिए यह केवल औपचारिकता भर है , ऐसे में टीम बिना किसी दबाव के अपना बेहतरीन प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। टीम की बल्लेबाजी कप्तान कप्तान रोहित शर्मा के अलावा युवा ईशान किशन के अलावा तिलक वर्मा और कीरोन पोलार्ड पर आधारित रहेगी हालांकि उसे सूर्यकुमार यादव की कमी महसूस होगी। सूर्यकुमार चोट के कारण इस मुकाबले से बाहर हैं। वहीं दूसरी ओर गेंदबाजी में टीम के पास अनुभवी जसप्रीत बुमराह के अलावा डेनियल सैम्स , रिले मेरेडिथ और कुमार कार्तिकेय सिंह हैं और इनका सामना करना सीएसके के बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं रहेगा।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं -

**चेन्नई सुपर किंग्सः** एमएस धोनी, रविंद्र जडेजा (कप्तान), मोईन अली, रुतुराज गायकवाड़, ड्वेन ब्रावो, दीपक चाहर, अंबाती रायडू, रॉबिन उथप्पा, मिशेल सेंटनर, क्रिस जॉर्डन, एडम मिल्ने, डेवोन कॉनवे, शिवम दूबे, ड्वेन प्रिटोरियस, महेश तीक्ष्णा, राजवर्धन हैंगरगेकर, तुषार देशपांडे, केएम आसिफ, सी हरि निशांत, एन जगदीशन, सुब्रंशु सेनापति, के भगत वर्मा, प्रशांत सोलंकी, सिमरजीत सिंह, मुकेश चौधरी।

**मुंबई इंडियन्स :** रोहित शर्मा (कप्तान), अनमोलप्रीत सिंह, राहुल बुद्धि, रमनदीप सिंह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, टिम डेविड, अर्जुन तेंदुलकर, बासिल थम्पी, ऋतिक शौकीन, जसप्रीत बुमराह, जयदेव उनादकट, जोफ्रा आर्चर, मयंक मार्कंडे, मुरुगन अश्विन, रिले मेरेडिथ, टाइमल मिल्स, अरशद खान, डेनियल सैम्स, डेवाल्ड ब्रेविस, फैबियन एलन, कीरोन पोलार्ड, संजय यादव, आर्यन जुयाल और ईशान किशन।

## हरभजन और गावस्कर ने पांड्या को सत्र का सर्वश्रेष्ठ कप्तान बताया



**मुम्बई ।** दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह और पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या की जमकर प्रशंसा की है। हरभजन ने तो हार्दिक को अब तक का इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ कप्तान करार दिया है जबकि गावस्कर ने कहा कि प्रत्येक मैच के साथ ही हार्दिक की कप्तानी बेहतर हुई है। लखनऊ सुपर जायंट्स पर जीत के साथ ही गुजरात के इस सत्र में अब तक 12 मैचों में 18 अंक हो गए है वह प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बनी है। वहीं पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ मैथ्यू हेडन ने कहा, %अच्छे क्रिकेटर और अच्छे कप्तान की यही निशानी होती है कि वह बे अवसरों पर अपना सर्वश्रेष्ठ दें और हार्दिक ने यही किया है। मैं उनकी ऊर्जा और उत्साह से ख़ासा प्रभावित हूं।

इससे पहले हार्दिक को जब कप्तान बनाया गया था तब लोगों को उनकी सफलता को लेकर संदेह था क्योंकि वह फिट नहीं होने के कारण काफी समय से खेल से दूर थे। इसके बाद भी इस क्रिकेटर ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका। इसके अलावा इस सत्र में लंबे समय बाद गेंदबाजी भी की। गावस्कर ने कहा, उन्होंने आईपीएल के लिए काफी मेहनत की है और यह उसी का परिणाम है। उन्हें आईपीएल से पहले चोटिल होने के कारण काफी समय बाहर रहना पड़ा था पर अब उनकी बल्लेबाजी ठीक नजर आ रही है। वह पावरप्ले में पाबंदियों का फायदा उठाने के साथ ही मैदान पर एक अच्छे कप्तान के तौर पर उभरे हैं जो सभी को साथ लेकर चल रहा है। वहीं हरभजन ने कहा, हार्दिक जैसे खिलाी को अपने खेल पर ध्यान देने के लिए आजादी दी जानी चाहिए और मेरे हिसाब से गुजरात में ऐसा हो रहा है। साथ ही वह स्वयं टीम की जिम्मेदारी अच्छी तरह से निभा रहे हैं। मेरे लिए वह अब तक इस सीजन के सर्वश्रेष्ठ कप्तान हैं। वह गेंदबाजी में भी पूरे चार ओवर डालने लगे हैं और बल्ले के साथ निरंतरता से रन बना बनाने के साथ ही अपने साथी खिलायिों को लगातार प्रेरित कर रहे हैं।

## पहले सचिन से प्रेरित थे शुभमन

मुम्बई । गुजरात टाइटंस के युवा क्रिकेटर शुभमन गिल ने कहा है कि वह पहले महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से प्रेरित थे पर उनके संन्यास लेने के बाद अब वह विराट कोहली के प्रशंसक हैं। भारत की ओर से 13 मैच खेले शुभमन ने कहा, 'सबसे बड़ी प्रेरणा की बात करें तो जब मैं बड़ा हो रहा था तो सचिन सर ही सर्वश्रेष्ठ थे। जब उन्होंने संन्यास ले लिया और मैं



इस खेल को थोड़ा और समझने लगा, तब से मैं हमेशा विराट भाई का प्रशंसक रहा।' शुभमन ने आईपीएल-2022 में अपने प्रदर्शन को लेकर कहा, 'मैंने सत्र में अच्छी शुरुआत की थी पर बीच के मैचों में मुझे और बेहतर प्रदर्शन की जरूरत थी। यह टी20 क्रिकेट में होना तय है। कुल मिलाकर, मुझे लगता है कि मुझे पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुझे कुछ फॉर्म मिली, उम्मीद है कि मैं उस गति को बरकरार रख सकूंगा।' इसके साथ ही इस खिलाड़ी ने दबाव की बात से भी इंकार नहीं किया।

## व्यापार न्यूज

### डॉलर के मुकाबले रुपया 30 पैसे टूटा



**मुंबई ।** घरेलू शेयर बाजार में गिरावट और अमेरिकी मुद्रा की मजबूती के चलते रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 30 पैसे की गिरावट के साथ 77.55 पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोषों की बिकवाली निरंतर जारी रहने और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने भी रुपए को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बेहद निचले स्तर 77.52 पर खुला और फिर गिरावट दर्ज करते हुए 77.55 पर आ गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 30 पैसे की गिरावट दर्शाता है। शुरुआती सौदों में रुपया 77.50 से 77.57 के बीच कारोबार कर रहा था। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 77.25 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 103.95 पर पहुंच गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 1.11 प्रतिशत घटकर 106.32 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर आ गया।

### नोवेलिस इंक अमेरिका में लगाएगी संयंत्र

**नई दिल्ली ।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज की अनुषंगी इकाई नोवेलिस इंक ने कहा कि वह अमेरिका में एक अत्याधुनिक संयंत्र की स्थापना करने की योजना बना रही है। उसने कहा कि वह संयंत्र स्थापना पर 2.5 अरब डॉलर (लगभग 19,000 करोड़ रुपए) का निवेश करेगी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि अमेरिका के अलाबामा के बे मिनेट में एक नया लो-कार्बन रिसाइक्लिंग एवं रोलिंग संयंत्र बनाने पर 2.5 अरब डॉलर का निवेश किया जाएगा। इस संयंत्र की शुरुआती क्षमता 600 किलो टन तैयार एल्युमिनियम उत्पाद सालाना की होगी। आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन एवं नोवेलिस के निदेशक मंडल के सदस्य कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा कि समूह की वैश्विक स्तर पर यह सबसे बड़ी नई परियोजना है। इससे समूह का अमेरिका में कुल निवेश 14 अरब डॉलर से भी अधिक हो जाएगा। नए संयंत्र की आधी से अधिक क्षमता का इस्तेमाल उत्तरी अमेरिका में एल्युमिनियम बेवरेज कैन शीट की मांग पूरी करने में किया जाएगा।

### विस्तार ने पूर्व स्तर पर किया पायलटों का वेतन

**नई दिल्ली ।** विमानन कंपनी विस्तार ने उड़ानों का संचालन सुधार कर अपने पायलटों का वेतन और भत्ता कोविड-19 महामारी-पूर्व के स्तर पर कर दिया है। विस्तार के उान संचालन-वरिष्ठ उपाध्यक्ष हमिश मैक्सवेल ने अपने पायलटों को भेजे ईमेल में लिखा कि अप्रैल, 2022 से सभी पायलटों के लिए मासिक बोनस बहाल कर दिया गया है। यह अप्रैल के औसत वैश्विक सक्रिय घंटे कम से कम 70 होने पर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि बुनियादी उड़ान भत्ते (बीएफए) में कटौती को वापस ले लिया गया है। मैक्सवेल ने कहा कि बीएफए में कटौती के बराबर राशि मासिक बोनस में जोड़ी जाएगी और योग्य पायलटों को एक अप्रैल से इसका भुगतान किया जाएगा।

### पारादीप फॉस्फेट का आईपीओ 17 को खुलेगा

नई दिल्ली । उर्वरक कंपनी पारादीप फॉस्फेट्स लिमिटेड 17 मई को अपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लेकर आएगी। इसके लिए मूल्य दायरा 39-42 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। आईपीओ के माध्यम से सरकार कंपनी में अपनी पूरी 19.55 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी। आईपीओ 19 मई को बंद होगा। आईपीओ दस्तावेजों के अनुसार एंकर निवेशक 13 मई को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। आईपीओ के तहत 1,004 करोड़ रुपए के नए शेयर जारी किए जाएंगे।

# बैंकों में 20 लाख जमा करने या निकालने पैन या आधार देना जरूरी

**नई दिल्ली ।** अब सरकार ने बैंकों में पैसा जमा कराने और निकालने के लिए नए नियम लागू कर दिए हैं। नए नियमों के तहत अब बैंकों में 20 लाख रुपए से ज्यादा की रकम जमा करने या निकालने के लिए पैन या आधार देना अनिवार्य कर दिया है। सरकार ने एक नोटिफिकेशन जारी कर इन नियमों को लागू कर दिया है। इन नियमों का उद्देश्य भी ऐसे लोगों के फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन को ट्रैक करना है, जिनके पास अभी तक परमानेंट अकाउंट नंबर (पीएएन) नहीं है । एक रिपोर्ट के अनुसार केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने आयकर (15वां संशोधन) नियम, 2022, के तहत नए नियम बनाए हैं। इन नए नियमों के लागू होने के बाद अब अगर कोई व्यक्ति किसी बैंकिंग कंपनी, सहकारी बैंक या डाकघर में एक या एक से अधिक खातों में एक वित्तीय वर्ष में कुल 20 लाख रुपए या उससे अधिक राशि जमा करता है तो उसे पैन या आधार कार्ड देना होगा। इसी तरह अगर कोई व्यक्ति किसी बैंकिंग कंपनी, सहकारी बैंक या डाकघर एक या एक से अधिक खातों में से एक वित्तीय वर्ष में कुल 20 लाख रुपए या उससे अधिक राशि निकलवाता है तो उसे पैन या आधार कार्ड देना होगा। यहीं नहीं, अब बिना पैन या आधार कार्ड के किसी बैंकिंग कंपनी, सहकारी बैंक या डाकघर में बिना पैन और आधार के करंट या कैश क्रेडिट अकाउंट नहीं खुलवा पाएगा। जानकारी के मुताबिक सरकार अपने टैक्सपेयर बेस को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसलिए सरकार ने अब ऐसे लोगों को टैक्स दायरे में लाने के लिए नए नियम बनाए हैं जो बे ट्रांजेक्शन तो करते हैं, पर उनके पास पैन कार्ड नहीं है। बे ट्रांजेक्शन करने वाले लोग जब एक बार पैन उपलब्ध करा देंगे तो उनकी ट्रांजेक्शन को ट्रैक करना आसान हो जाएगा।

## भारत-यूएई के बीच बन सकता है धन-प्रेषण गलियाराः लुलू

### अंतर-परिचालनीय डिजिटल समाधानों के निर्माण के लिए अनुकूल माहौल भी बनेगा

**नई दिल्ली ।** वित्तीय सेवा कंपनी लुलू फाइनेंशियल होल्डिंग्स का कहना है कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच हुए वृहद आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) से दोनों देशों के बीच धन-प्रेषण गलियारे को बढ़ावा मिलने के साथ ही अंतर-परिचालनीय डिजिटल समाधानों के निर्माण के लिए अनुकूल माहौल पैदा होगा। यूएई की राजधानी अबू धाबी स्थित लुलू फाइनेंशियल होल्डिंग्स का यूएई के अलावा भारत में भी खासा निवेश है। भारत और यूएई के बीच 18 फरवरी को सीईपीए समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह एक मई से लागू हो गया है। लुलू फाइनेंशियल के एक वरिष्ठ अधिकारी प्रबंध निदेशक अदीब अहमद ने कहा कि भारत और यूएई का रिश्ता इस समय सबसे ऊंचे स्तर पर है। यूएई की कंपनियों के बीच भारत में निवेश को लेकर खासा आकर्षण देखा जा रहा है। सीईपीए वह नींव बनने जा रही है जिस पर आगे चीजें खड़ी होंगी। भारत दौरे पर आए यूएई के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल अहमद ने कहा कि इस अंतर्निहित बुनियाद से व्यापार, उत्पाद, सेवा एवं डिजिटल समाधान जैसे कई क्षेत्रों को फायदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि सीईपीए दोनों देशों के निवेशकों एवं मौजूदा उद्यमियों के लिए अंतर-परिचालनीय डिजिटल समाधान लाने को एक अनुकूल माहौल पैदा करने का काम करेगा।

यूएई में रहने वाले भारतीय नागरिक बड़े पैमाने पर अपने घरवालों को पैसे भेजते हैं लिहाजा सहज धन-प्रेषण या रेमिटेंस सुविधा से उन्हें काफी सहूलियत होगी। भुगतान उद्योग के नजरिये से देखें तो यह समझौता यूएई एवं भारत के बीच धन-प्रेषण गलियारे को प्रोत्साहन देगा। उन्होंने कहा कि भारत और यूएई के बीच होने वाला 20 अरब डॉलर से अधिक का धन-प्रेषण अमेरिका-मेक्सिको के बाद दूसरा सबसे बड़ा गलियारा है। इसका भारत में विदेश से आने वाले रेमिटेंस में 33 प्रतिशत हिस्सा है। लुलू ग्रुप के चेयरमैन यूसुफअली एमए ने कहा कि सीईपीए पर हस्ताक्षर होने से दोनों देशों के बीच सहयोग के कई नए क्षेत्र खुलेंगे और दोनों देशों की कंपनियों को इसका लाभ मिलेगा।

## पीएनबी का मुनाफा 66 प्रतिशत घटकर 202 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का मार्च, 2022 में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का मुनाफ 66 प्रतिशत घटकर 202 करोड़ रुपए रह गया। हालांकि, तिमाही के दौरान बैंक की गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) घटी हैं लेकिन प्रावधान ऊंचा रहने से उसके मुनाफे में कमी आई है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक ने 586 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में बैंक ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल एकल आय 21,095 करोड़ रुपए रही, जो एक साल पहले समान अवधि में 21,386 करोड़ रुपए थी। पूरे वित्त वर्ष 2021-22 में बैंक का मुनाफा बढ़कर 3,456.96 करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो 2020-21 में 2,021.62 करोड़ रुपए था। मार्च, 2022 तक बैंक की सकल गैर निष्पादित आस्तियां घटकर 11.78 प्रतिशत रह गईं, जो एक साल पहले 14.12 प्रतिशत पर थीं। बैंक का शुद्ध एनपीए भी 5.73 प्रतिशत से घटकर 4.8 प्रतिशत रह गया। चौथी तिमाही में बैंक का डूबे कर्ज और आकस्मिक खर्च के लिए प्रावधान 3,540.32 करोड़ रुपए से बढ़कर 4,851.47 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। बैंक के निदेशक मंडल ने 2021-22 के लिए दो रुपए के अंकित मूल्य के शेयर पर 64 पैसे प्रति शेयर के लाभांश की सिफारिश की है।

# औंधें मुंह शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड प्रभावित, अप्रैल में घटा 44 फीसदी निवेश

**नई दिल्ली ।** उम्मीदों और जोखिमों के बीच भारतीय शेयर बाजार के लिए साल 2021 जितना बेहतर साबित हुआ था, यह साल उतना ही दबाव वाला बन गया है। इसका असर न सिर्फ स्टॉक्स में पैसे लगाने वालों पर पड़ रहा, बल्कि म्यूचुअल फंड उद्योग पर भी बाजार के करेक्शन का गहरा असर दिख रहा है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड इन इंडिया (एएमएफआई) की ओर से जारी एक आंकड़े के अनुसार, अप्रैल महीने में बाजार में गिरावट की वजह से इक्विटी म्यूचुअल फंड का निवेश 44 फीसदी घट गया है। इस दौरान इक्विटी म्यूचुअल फंड में महज 12,574 करोड़ रुपये का निवेश आया है, जबकि इससे एक महीने पहले यानी मार्च में 28,464 करोड़ का निवेश आया था। इसका सीधा मतलब है कि अप्रैल में बाजार के उतार-चढ़ाव की वजह से इक्विटी फंड का निवेश 15,890 करोड़ रुपये घट गया।

एम्फी का कहना है कि ग्लोबल लेवल पर जियोपॉलिटिकल टेंशन बढ़ने की वजह से दुनियाभर के शेयर बाजारों पर जोखिम बढ़ गया है। रूस-यूक्रेन युद्ध और क्रूड की बढ़ती कीमतों ने शेयर बाजार को नीचे धकेल दिया। महामारी से उबरती अर्थव्यवस्थाओं को सुधारने के लिए सभी देशों के केंद्रीय बैंकों ने कुछ सख्त कदम उठाए, जिसका असर भी



बाजार के निवेशकों के सेंटिमेंट पर पड़ा। आंकड़े बताते हैं कि सिस्टमेटिक इंवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिये निवेश में भी भारी गिरावट आई है। अप्रैल में सिप के जरिये महज 11,863.09 करोड़ रुपये का निवेश आया, जो एक महीने पहले यानी मार्च में 12,327.91 करोड़ था। हालांकि, इस दौरान सिप के खातों की संख्या में बंपर उछाल आया। अप्रैल में सिप के जरिये निवेश करने वाले खातों की संख्या बढ़कर 5.39 करोड़ पहुंच गई, जो मार्च में 5.27 करोड़ थी।

एम्फी के अनुसार, म्यूचुअल फंड उद्योग के लिए नया वित्तवर्ष (2022-23) बेहतर शुरुआत लेकर आया है। अप्रैल में म्यूचुअल फंड में कुल 72,847 करोड़ रुपये का निवेश आया, जिसमें इक्विटी की हिससेदारी तो कम रही, लेकिन डेट म्यूचुअल फंडों में 54,756।60 करोड़ रुपये का जबरदस्त निवेश आया है। इससे 30 अप्रैल तक म्यूचुअल फंड उद्योग का नेट एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 17 फीसदी बढ़कर 38.03 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। एम्फी के सीईओ एनएस वेंकटेश का कहना है कि बाजार में गिरावट के बावजूद अभी निवेशकों का भरोसा म्यूचुअल फंड पर बना हुआ है। अप्रैल के आंकड़े बताते हैं कि पिछले साल की तुलना में म्यूचुअल फंड का कुल फोलियो 33 फीसदी बढ़कर 13.13 करोड़ पहुंच गया है, जो अब तक का रिकॉर्ड है। मार्च के मुकाबले अप्रैल में 1 फीसदी की तेजी आई है। अप्रैल में तीन एनएफओ लांच किए गए हैं, जिनमें 3,240 करोड़ का निवेश आया। उन्होंने कहा कि निवेशकों को आगे भी म्यूचुअल फंड में पैसे लगाते रहना चाहिए।

# रक्षाबंधन में नजर आ सकती हैं भूमि पेडनेकर



बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार माने जाने वाले अक्षय कुमार की इस साल कई फिल्में रिलीज की कतार में शामिल हैं। इस साल वह बहुप्रतीक्षित फिल्म रक्षाबंधन को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी एक नई जानकारी सामने आ रही है। खबरों की मानें तो अक्षय की इस फिल्म का हिस्सा दिग्गज अभिनेत्री भूमि पेडनेकर बन सकती हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म के लिए भूमि को अप्रोच किया गया है। रिपोर्ट की मानें तो रक्षाबंधन में अक्षय के साथ भूमि की जुगलबंदी देखने को मिल सकती है। सूत्र ने बताया, भूमि को फिल्म का ऑफर मिला है। उन्हें फिल्म का रोल पसंद आया और उन्होंने फिल्म के लिए अपनी सहमति दे दी है। फिल्म में उनके शामिल होने की औपचारिकताओं पर तेजी से काम चल रहा है। यदि सबकुछ योजना के हिसाब से हुआ, तो फिल्म की शूटिंग 21 जून से शुरू होगी। अक्षय और भूमि की जोड़ी को दर्शकों ने खूब सराहा है। अक्षय और भूमि की यह तीसरी फिल्म होगी। उन्होंने टॉयलेटः एक प्रेम कथा और दुर्गावती जैसी फिल्मों में साथ काम किया है। टॉयलेटः एक प्रेम कथा सामाजिक मुद्दे पर बनी फिल्म थी, जिसे दर्शकों ने अच्छी प्रतिक्रिया दी थी। रक्षाबंधन का निर्देशन आनंद एल राय कर रहे हैं। अतरंगी रे में साथ काम करने के बाद आनंद एक बार फिर अक्षय के साथ इस फिल्म में काम करेंगे। अक्षय ने इस फिल्म की घोषणा पिछले साल रक्षाबंधन के अवसर पर की थी। उन्होंने कहा था, फिल्म की कहानी दिल को गहराई से छूती है, इसलिए उन्होंने इस फिल्म को तुरंत साइन कर दिया था। मेरे करियर की यह ऐसी पहली फिल्म है, जिसे मैंने इतना जल्दी साइन किया है। इस फिल्म को मैं अपनी बहन अल्का को समर्पित करता हूं। अब देखना है कि फिल्म में भाई और बहन की केमिस्ट्री को कैसे पर्दे पर निभाया जाएगा। फिल्म की शूटिंग भारत में ही विभिन्न जगहों में होगी। इस फिल्म में तीन बहनों की देखभाल करने वाले बड़े भाई की भूमिका अक्षय कुमार ने निभाई है। रक्षाबंधन को दीवाली के मौके पर रिलीज किया जा सकता है। हालांकि, रिलीज की तारीखें अक्षय कुमार की आगामी रिलीज होने वाली फिल्मों पर निर्भर करेंगी। कोरोना वायरस के कारण इस फिल्म का प्रोजेक्ट भी बाधित हुआ है। देश में कोरोना के हालात पर भी फिल्म की रिलीज निर्भर करेगी। भूमि के वर्कफ्रंट की बात करें तो इस साल वह कई फिल्मों में नजर आ सकती हैं। वह महेश मथाई की फिल्म सारे जहां से अच्छा में दिख सकती हैं।

# केले से जुड़े इन भ्रमों को सच मानते हैं लोग, जानिए इनकी सच्चाई

केला फाइबर, कैल्शियम और आयरन जैसे कई जरूरी पोषक तत्वों से समृद्ध माना जाता है जो सेहत को ढेरों लाभ पहुंचाते हैं। फिर भी कई लोग इसे अपनी डाइट में शामिल करने से हिचकिचाते हैं।



इसका मुख्य कारण यह है कि उनके मन में इस फल से जुड़े कई भ्रम हैं जिन्हें वे सच मानते हैं, लेकिन इनकी सच्चाई कुछ और ही है। आइए आज हम आपको केले से जुड़े कुछ भ्रम और उनकी सच्चाई बताते हैं।

## भ्रम- मधुमेह रोगियों को केला नहीं खाना चाहिए

यह सिर्फ एक भ्रम है कि मधुमेह रोगियों को केला नहीं खाना चाहिए। असल में यह फल मधुमेह रोगियों के लिए सुरक्षित है क्योंकि इसमें कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है जो रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। बता दें कि केले में फाइबर, स्टार्च, कई विटामिन्स, खनिज, फाइटोकेमिकल्स और एंटी-ऑक्सीडेंट जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं

## भ्रम- केले की मिठास सेहत को नुकसान पहुंचाती है

अगर आप इस वजह से केले का सेवन नहीं करते हैं कि इसमें बहुत अधिक मिठास होती है जो सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है तो आपको बता दें कि यह सिर्फ एक भ्रम है। सच बात तो यह है कि केले में फरुक्टोज और विटामिन-क्क की भरपूर मात्रा शामिल होती है। ये ऐसे पोषक तत्व हैं जो प्राकृतिक चीनी का एक अच्छा स्रोत माने जाते हैं और इनसे सेहत पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता।

## भ्रम- केले के सेवन से वजन बढ़ता है

कई लोग इस बात को सच मानकर केले का सेवन नहीं करते हैं कि इससे उनका वजन बढ़ेगा, जबकि इसकी सच्चाई कुछ अलग ही है। वास्तविकता में यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप केले का सेवन किस तरह से करते हैं। उदाहरण के लिए, अगर आप केले का शेक बनाने के लिए उसके साथ ढेर सारी चीनी और आईसक्रीम का इस्तेमाल करेंगे तो फिर आपका वजन बढ़ना लाजिमी है।

## भ्रम- उच्च रक्तचाप से ग्रसित लोगों के लिए केले का सेवन नुकसानदायक होता है

यह भी सिर्फ एक भ्रम के अलावा और कुछ नहीं है कि उच्च रक्तचाप से ग्रसित लोगों के लिए केले का सेवन नुकसानदायक होता है। सच बात तो यह है कि केला विटामिन-क्क6, खनिज, पोटैशियम और फाइबर का एक अच्छा स्रोत है जो उच्च रक्तचाप रोगियों के लिए लाभदायक होते हैं।

# प्रियामणि को ऐसे मिला था वेब सीरीज द फैमिली मैन में काम



बॉलीवुड अभिनेता मनोज वाजपेई की वेब सीरीज द फैमिली मैन सीजन 2 रिलीज हो गई है। ये वेब सीरीज अमेज़न प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की गई है। इसमें मुख्य किरदार के रूप में मनोज बाजपाई के अलावा समांथा अक्कीनेनी और प्रियामणि भी नजर आए हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि प्रियामणि बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री विद्या बालन की कजिन बहन है। प्रियामणि ने इससे पहले द फैमिली मैन 2 के पहले सीजन में भी दिखाई दे चुकी है। अभिनेत्री प्रियामणि ने अपने एक खास इंटरव्यू में अपनी वेब सीरीज और अपनी कास्टिंग को लेकर बात की है। जिसमे उनहोंने बताया था कि उनको इस सीरीज में कैसे काम मिला। अभिनेत्री प्रियामणि ने बताया था कि, जब मैं राज्य सर और डीके सर को ऑफिस में मिली थी तो उन्होंने मुझे मेरे कैरेक्टर के बारे में एक्सप्लेनेशन दिया उस वक्त मैं सलवार कमीज पहन कर गई थी। पूरे वाक्ये के बारे में प्रियामणि ने बताया कि, उन्होंने उनसे कहा था कि सुचित्रा का कैरेक्टर पत्नी और मां का है। इसलिए प्रियामणि ने सोचा कि वो सलवार कमीज पहन कर जाती है। जींस वगैरा थोड़ा अजीब लगेगा। जब वो पहली बार मिलने के लिए जा रही थी तो उनके मन में कई तरह के सवाल पनप रहे थे। प्रियामणि ने कहा कि वो पहली बार राज और डीके से मिलने जा रही थे। अभिनेत्री ने बताया कि उनका साउथ में कई बार बुरा अनुभव भी रहा है। ऐसे में वो मुंबई में अपने एक्सपीरियंस के बारे में डरी हुई थी। ऐसे में अभिनेत्री अपने पति को लेकर राज और डीके से मिलने गई थी। इससे पहले प्रियामणि अपनी मम्मी को लेकर जाती थी। वो ऑफिस पहुंची और उन्होंने राजा राज और डीके से मिली। प्रियामणि ने कहा कि, उन्होंने मुझे सुचित्रा के कैरेक्टर को समझाया। फिर उसके बाद मैं घर गई तो मैंने अपने पति से पूछा कि क्या मैं ये सीरीज कर रही हूं।



## व्यंग्य : तुम्हें कोई और देखे तो जलता है दिल

ये जलने जलाने का रोग सदियों पुराना है। राजा दशरथ की मंझली रानी कैकैई को यदि बड़ी रानी कौशिल्या से जलन नहीं होती तो भगवान राम को चौदह बरस का वनवास नहीं होता। महाभारत के तो मूल में ही जलन है। द्रोपदी दुर्योधन को छोड़ पांडवों की पत्नी कैसे बन गई, दुर्योधन के इसी जलन ने पूरा महाभारत करवा दिया। बच्चों के पास चाहे उनके अपने जितने भी खिलौने हो, पर दूसरों के खिलौने को देखकर हमेशा जलन होती है, काश ये गुडिया़ मेरे पास होती ... ! स्कूल पंहुचे तो दूसरे प्रकार की जलन, अरे उसके पापा उसे रोज छोडऩे आते हैं, मुझे तो स्कूल वेन में आना पड़ता है ...! जलन की भावना महिलाओं और युवतियों में कुछ ज्यादा मानी जाती है, अरे उसके तीन-तीन ब्वायफ्रेण्ड हैं ... उसे तो रोज कोई न कोई मूवी दिखाने वाला मिल जाता है ... फोकट में कौन दिखाता है, पूरा पैसा वसूल भी कर लेता होगा ... ! अरे उसकी साड़ी का कलेक्शन देखे हो, जब भी घर से निकलती है नई साड़ी ही पहने होती है। महिलाओं की आधे से ज्यादा शापिंग तो खुद के लिए कम और पड़ोसन को जलाने के लिए ज्यादा होता है। और तो और टीवी में चलने वाले विज्ञापन भी जलन को ही बढ़ावा देते हैं, उसकी कमीज मेरी कमीज से सफेद कैसे है ...! आजकल सूरज भी लोगों को जलाने में पीछे नहीं है तभी तो आसमान से आग उगल रहा है, तुम्हारें यहां टेम्परेचर कितना है 42, मेरे यहां तो 45 है रे, कूलर क्या आजकल तो एसी भी कोई काम का नहीं रहा। ऊपर से बिजली संकट, जब मरजी आए आई जब मरजी आई चली गई ! ऐसा लगता है जैसे सरकार फोकट में बिजली बांट रही है, हम तो कभी बिजली बिल पटाते ही नहीं। लोगों को जलाने में सरकार भी कोई कसर नहीं छोड़ रही, मंहगाई आसमान छू रही है। पेट्रोल 110 पार कर गया है तो वहीं रसोई गैस के दाम सात साल में ही दोगुने से ज्यादा हो गए हैं। दो सप्ताह पहले दस रूपए किलो में बिकने वाला टमाटर पचास पार होकर अलग अपना मुंह लाल किए हुए है। सरकार को पता है लोगों के किस जलन को कैसे कम किया जा सकता है इसलिए मंहगाई के जलन पर मरहम लगाने हनुमान चालिसा और लाउडीस्पीकर रूपी एसी चल रही है। अब जनता भी अपना जलन भूल सरकार के साथ है। उसे भी लगने लगा है रूस ने यदि यूक्रेन पर आक्रमण नहीं किया होता तो देश में मंहगाई बिल्कुल नहीं बढ़ती। जलते तो पुरूष भी कम नहीं हैं, पर उनकी जलन महिलाओं से कुछ अलग प्रकार की होती है। मेरे एक मित्र ने अपने एक रिश्तेदार के घर जाना छोड़ दिया है, उसके रिश्तेदार ने उनसे अच्छा मकान जो बनवा लिया है। मेरे एक अन्य मित्र को बाकी मित्रों की बीबीयों को देख जलन होता है, उसे लगता है भगवान ने उसके सब दोस्तों को उससे ज्यादा सुंदर पत्नी दी है। नया जमाना सोशल मीडिया का है इसलिए मेरी जलन भी कुछ सोशलयाना है, मुझे किसी की डीपी देखकर जलन होती है, वो भी मेरी जलन से वाकिफ है तभी तो कभी कभी दिन में तीन बार बदलने वाली उसकी डीपी पिछले पन्द्रह दिनों से नहीं बदली है, इधर ये दिल जलकर राख तो कब का हो चुका है पर शायद उसे इस शरीर को भी जलकर राख होते हुए देखना है। उसकी जिद भी केन्द्र सरकार की तरह लगती है जो किसी भी सूरत में विपक्ष के आगे झुकने को तैयार नहीं है। उसे तो हमेशा विपक्ष के कहे से उल्टा ही करना है फिर चाहे विपक्ष सही कह रहा हो या गलत। हमारी फिल्मों में केएल सहगल से लेकर मुकेश तक और राजेश खन्ना से लेकर किशोर कुमार तक सब जलते ही रहे हैं। मैं न राजेश खन्ना हूं और न किशोर कुमार फिर भी उसे कहता हूं, तुम्हें कोई और देखे तो जलता है दिल, बड़ी मुश्किलों से फिर सम्हलता है दिल, क्या-क्या जतन करते हैं तुम्हें क्या पता ...!

# विभिन्न रामायणों में श्रीराम-चरण पादुका प्रसंग

**डॉ. नरेन्द्रकुमार मेहता**
**(श्रीरामकथा के अल्पज्ञात दुर्लभ प्रसंग)**

भारत की प्रायः सभी भाषाओं की रामायणों के अयोध्याकाण्ड के अन्त में श्रीराम एवं भरतजी की भेंट का मार्मिक वर्णन प्राप्त होता है। अंत में श्रीराम वशिष्ठ के माध्यम से भरतजी को समझा बुझा कर तथा श्रीराम की चरण पादुकाओं सहित ले जाते हैं। श्रीराम ने भरत को अपने अवतार लेने का उद्देश्य-रहस्य तथा राक्षसों के संहार करने के लिए एवं मुनि-ऋषियों की रक्षा के लिए, पृथ्वी के भार को कम करने आदि का कारण नहीं बताया। श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं वे अपने मुख से यह सब कैसे कह सकते हैं? अतः वशिष्ठजी ने भरत को श्रीराम के अवतार लेने एवं राक्षसों के संहार करने का रहस्य बताकर, श्रीराम के प्रतिनिधि के रूप उनकी चरण पादुकाओं को लेकर लौटने का कहा। यह प्रसंग रोचक, मार्मिक, रहस्यपूर्ण और भ्रातृप्रेम का अपूर्व उदाहरण हैं। अतः यहाँ विभिन्न रामायणों से बताया जा रहा है।

अध्यात्मरामायण में श्रीराम की चरणपादुका प्रसंग

वेद व्यास द्वारा रचित अध्यात्मरामायण में श्रीराम द्वारा भरत को दी गई दिव्य चरण पादुकाओं (खड़ाऊँ) का रहस्यपूर्ण वर्णन है। इसमें भरतजी ने श्रीराम को अयोध्या का राज्य करने का तथा स्वयं को 14 वर्ष वनवास का विकल्प भी निवेदन किया है तब-

भरतस्यापि निर्बन्धं दृष्ट्वा रामोऽतिविस्मितः।
नेत्रान्तसंज्ञां गुरवे चकार रघुनन्दनः।।
आनन्दरामायण अयोध्याकाण्ड सर्ग 9-41

भरतजी का ऐसा हठ देखकर श्रीरामचन्द्रजी ने अत्यन्त विस्मित होकर गुरु वशिष्ठजी को नेत्रों से संकेत किया। यह देखकर ज्ञानियों में श्रेष्ठ वशिष्ठजी ने भरत को एकान्त में ले जाकर कहा- %वत्स! अब मैं जो कुछ कहता हूँ यह अत्यन्त ही गुप्त रहस्य की बात ध्यानपूर्वक सुनो।

रामौ नारायणः साक्षाद् ब्रह्मणा याचितः पुरा।
रावणस्य वधार्थाय जांतो दशरथात्मजः।।
योगमायापि सीतेति जाता जनकनन्दिनी।
शेषोऽपि लक्ष्मणो जातो राममन्वेति सर्वदा।।
रावणं हन्तुकामास्ते गमिष्यन्ति न संशयः।
कैकेया वरदानादि यद्यन्निष्ठुर भाषणम्।।
अध्यात्मरामायण अयोध्याकाण्ड सर्ग 9-43-44-45

भगवान् राम साक्षात् नारायण है। पूर्वकाल में ब्रह्माजी के प्रार्थना करने पर उन्होंने रावण को मारने के लिए दशरथ के यहाँ पुत्र रूप में जन्म लिया है। इसी प्रकार योगमाया ने जनकनन्दिनी सीता के रूप में अवतार लिया है और शेषजी लक्ष्मण के रूप से उत्पन्न होकर उनका अनुगमन कर रहे हैं। वे रावण को मारना चाहते हैं इसलिए निस्सन्देह वन को जाएंगे। कैकेयी के जो कुछ वरदान माँगने आदि और अन्य निष्ठुर भाषण आदि कार्य है। वे सब देवताओं की प्रेरणा (इच्छा) से ही हुए हैं, नहीं तो कैकेयी ऐसे वचन कैसे बोल सकती थी? इसलिए हे तात। तुम राम को अध्योया लौट चलने का आग्रह त्याग दो। माताओं तथा विशाल सेना सहित अयोध्या को लौट चलो, राम भी रावण के कुल सहित उनका संहार करके शीघ्र ही आ जाएंगे।

वसिष्ठजी के ये वचन सुनकर भरत को बहुत आश्चर्य हुआ और उन्होंने आश्चर्यचकित होकर श्रीराम के समीप जाकर कहा-

पादुके देहि राजेन्द्र राज्याय तव पूजिते।
तयो सेवां करोम्योव यावदागमनं तव।।
इत्युक्त्वा पादुके दिव्य योजयामास पादयोः।
रामस्य ते ददौ रामो भरतायातिभक्तितः।।
अध्यात्मरामायण अयोध्याकाण्ड सर्ग 9-49-50

हे राजेन्द्र! आप मुझे राज्य शासन के लिए जगत् पूजनीय अपनी चरण पादुकाएँ दीजिए। जब तक आप लौटेंगे तब तक मैं



उन्हीं की सेवा करता रहूँगा। ऐसा कहकर भरतजी ने श्रीराम के चरणों में दो दिव्य पादुकाएं (खड़ाऊँ) पहना दी। श्रीराम ने भरत का भक्तिभाव देखकर वे पादुकाएँ उन्हें दे दी। भरतजी ने रत्नजड़ित दिव्य पादुकाएँ लेकर श्रीरामजी की परिक्रमा की और उन्हें बारम्बार प्रणाम किया। तत्पश्चात् भरतजी ने कहा हे राम! यदि 14 वर्ष व्यतीत होने पर आप पहले दिन ही अयोध्या न पहुँचे तो मैं अग्नि में प्रवेश कर जाऊँगा। श्रीराम ने कहा ठीक है तथा भरतजी को विदा कर दिया। इस प्रकार वशिष्ठजी को आने वाले 14 वर्षों की जानकारी थी तथा वे भरत को समझा बुझा कर अयोध्या ले गए।

मैथिली रामायण रचयिता चन्द्रा झा में श्रीराम चरणपादुका प्रसंग

इस रामायण में अयोध्याकाण्ड के अध्याय 9 में श्रीराम एवं भरत भेंट का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया है। भरत के अटल हठ को छोड़ने हेतु वशिष्ठजी ने समझाते हुए कहा-

रामचन्द्र मन बुझल भरत अविचल हठ ठानल।।
कहलहु कथा बुझाय वचन एक गोट न मानल।
गुरु वसिष्ठ काँ देल वामनेत्रान्त इसारा।।
ई नहि ककरो शक्य देल अपनहि काँ भारा।।
कहलनि गुरु एकान्त में भरत कठिन हठ परिहरिय।।
हेतु कहैछी से शुनिय सत्यवचन श्रुति में धरिय।।
मैथिली रामायण रचयिता चन्द्रा झा अयोध्या अध्याय 9-79 से 84

श्रीराम ने मन में सोचा कि भरत ने जो अटल हठ ठान लिया, समझाने-बुझाने पर भी एक नहीं सुनी तब फिर उन्होंने बाँयी आँख से वसिष्ठजी को इशारा किया कि भरत को कोई नहीं समझा सकता, अब समझाने-मनाने का दायित्व आप पर है। गुरु वशिष्ठजी ने एकान्त में भरत को समझाया- हे भरत! इस अटल हठ को छोड़िए। मैं जो तर्क कहता हूँ वह सुनिए। जो वास्तविक तथ्य है उस ओर ध्यान दो। आप अजन्मा, अविनाशी नारायण को ही श्रीरामचन्द्र समझिए। ब्रह्माजी ने बहुत प्रार्थना की तब नारायण दशरथ के घर में उसके पुत्र बनकर आए। ईश्वर की माया-सीता बनकर अवतीर्ण हुई है। लक्ष्मण शेषनाग के अनुपम अवतार हैं। कैकेयी की करनी से जो आपके अन्तर्मन में व्यथा है, उसका भी रहस्य बताता हूँ। देवताओं ने सोचा यदि श्रीराम राज्य करेंगे तो काम नहीं बनेगा। इसलिए देवी सरस्वती ने रानी कैकेयी के कंठ में बैठकर राज्याभिषेक में विघ्न खड़ा किया। कैकेयी के सिर पर कलंक लिखा था। इसलिए सरस्वती ने निष्ठुर और निःशक्त होकर कहा कि ये दण्डकवन जाएंगे। वहाँ अधर्मचारी रावण आएगा। अपने कुकर्मों से रावण धरती माता का बोझ बन जाएगा और राम उसका संहार करेंगे। फिर रावण को कुल परिवार और सेना सहित परास्त कर राम अयोध्या लौट जाएंगे तथा न्यायपूर्वक राज्य करेंगे। हे भरत! आप अपना हठ त्याग दीजिए।

गुरु वशिष्ठ की यह रहस्यपूर्ण बात सुनकर भरत को बड़ा आश्चर्य हुआ तथा आँखों में आँसू भर गए। भरतजी श्रीराम में लीन होकर उनके पाए गए तथा कहा- हे प्रभु! अपने पाँव के खड़ाऊँ मुझे दे दीजिए। श्रीरामजी ने दोनों खड़ाऊँ भरत को दे दिए। श्रीरामजी ने दोनों खड़ाऊँ भरत को दे दिए। भरत ने भक्तिपूर्वक उन्हें सिर पर रख लिया। चरणपादुकाओं में से अत्यन्त चमकीली ज्योति निकल रही थी क्योंकि उनमें रत्न जड़े थे। भरत श्रीराम की प्रदक्षिणा करते और कहते हैं कि आप क्या अवधिपूर्ण होने पर लौट आएंगे?

## दृष्टि में सब रखें

एक व्यक्ति ने कहा, सर्दी लग रही है। ठिठुर रहा हूं। दूसरे ने कहा, जाओ, कपड़ा ओढ़ लो। वह घर में गया और मलमल की चादर ओढ़ आया। आकर बोला, कपड़ा ओढ़ लिया, फिर भी ठंड लग रही है उसने कहा, भले आदमी! मैंने कपड़ा ओढ़ने के लिए कहा था। इस ठिठुरन से बचने के लिए कैसा कपड़ा ओढ़ना है, यह विवेक तो तुम्हें होना ही चाहिए। मलमल से ठंड नहीं रूकती। वह रूकती है मोटे कपड़े से, ऊनी कपड़े से। जब तक मोटा कपड़ा या ऊनी कपड़ा नहीं ओढ़ा जाएगा, ठंड रूकेगी नहीं। कहने का अर्थ है कि यही बात देखने के विषय में है। देखना भी चल रहा है और विचार भी चल रहा है, यह नहीं होना चाहिए। देखने में केवल देखना ही चले। यह तभी संभव है जब देखना सघन हो। ठंड का रूकना तभी संभव है जब मोटा कपड़ा ओढ़ा जाए। प्रश्न होता है कि किसे देखें? क्या देखें? अच्छा-बुरा जो भी आए उसे देखें। प्रोध आए तो उसे भी देखो। मान आए तो उसे भी देखो। वास्तव में जो प्रोध को देखता है, वही मान को देखता है। प्रोध हमारी सबसे स्थूल वृत्ति है। यह सबके समक्ष प्रत्यक्ष होती है। मान छिपा रहता है। प्रकट कम होता है। प्रोध तत्काल प्रकट हो जाता है। प्रोध का परिणाम -दुख को देखो। सुख को भी देखो। सुख के स्पंदनों को देखो। दुख के स्पंदनों को देखो। जो भी अच्छा या बुरा है, उसे देखो। श्वास को देखो। शरीर को देखो। समत्व को देखो। तटस्थता को देखो। अनन्यदर्शी को देखो। उसको देखो जहां दूसरा कोई नहीं है। चेतना के उस शुद्ध स्वभाव को देखो जहां जानने-देखने के सिवाय कुछ भी नहीं है। वही परम दर्शन है।

## भूखे पेट भजन ना होय गोपाला

**सनत जैन**

आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका में आम जनता सड़कों पर हिंसा पर उतारू हो गई है। जिस मंहिंद्रा राजपक्षे को जनता अपना भगवान मानती थी। उन्हीं राजपक्षे और उनके समर्थन सांसदों के खिलाफ श्रीलंका की जनता सड़कों पर आकर मरने-मारने पर उतारू है।

1917 की रूसी जार क्रांति की तरह श्रीलंका की जनता नेताओं के घरों में घुसकर घर जला रही है। सांसदों एवं सरकारी पदों पर बैठे लोगों को खोज-खोजकर उन पर हमले कर मार रही है। अभी तक श्रीलंका की हिंसा में 1 सांसद सहित 8 लोगों की हत्या हो गई। श्रीलंका के प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री सिहासन छोड़कर सुरक्षित स्थान पर चले गए है। 1 दर्जन से अधिक मंत्रियों के बंगलों पर आम जनता ने आग लगा दी। 2 बार आपात काल लागू करने के बाद भी सेना और प्रशासन हिंसक प्रदर्शनकारियों को रोक नहीं पा रही है। राजपक्षे का बंग्ला प्रदर्शनकारियों ने जला दिए है। सत्ता से जुड़े लोगों के घरों पर प्रदर्शनकारी हमला कर उन्हें जला रहे है। राजनेता एवं शासन के प्रमुख पदों पर बैठे लोग अपनी जान बचाने के लिये भाग रहे है।

भूख और मुसीबत से बेहाल जनता का गुस्सा अपने चरम पर है। आम जनता, कर्फ्यू लगे होने के बाद भी सड़को पर बड़ी संख्या में आकर लूटपाट कर अपने भोजन का जुगाड़ कर रही है। सेना, पुलिस, शासन, प्रशासन आम जनता के जिम्मेदार नेता, अधिकारी भाग कर सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। उधार की अर्थ-व्यवस्था ने श्रीलंका सहित दुनिया के लगभग सभी देशों में अराजकता की स्थिति पैदा कर दी है। भौतिक सूख - सुविधाओं के लिए कर्ज लेकर घी पीने की प्रवृति सरकारों के साथ - साथ घर - घर तक पहुंच गई थी। श्रीलंका सरकार ने भी भारी कर्ज ले रखा है। महिन्द्रा राजपक्षे उधार की अर्थ - व्यवस्था से जनता के चहेते और लोकप्रिय नेता बनकर राज कर रहे थे। भारी कर्ज के बोझ से दबी श्रीलंका की अर्थ -



व्यवस्था ने सामान्य जनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित किया है। आम जनता को 2 जून की रोटी नहीं मिल पा रही है। ऐसी स्थिति नंगी -भूखी जनता स्वंय का और अपने परिवार का पेट भरने के लिए हिंसा और लूट -पाट में लिप्त होकर किसी तरह जीवन को बचाने का संघर्ष कर रही है। विदेशी मुद्रा का संकट होने से रोजमर्रा की चीजें श्रीलंका से गायब है। बेरोजगारी, मंहगाई एवं भूख ने श्रीलंका में अराजक्ता की स्थिति पैदा कर दी है। भारत में कहावत है ÷भूखे पेट भजन न हो गोपाला।

आमदनी अटन्नी और खर्चा रुपैया, कुछ समय के लिए ही संभव है। उधार की अर्थ - व्यवस्था किसी का भला नहीं कर सकती है। श्रीलंका सहित दुनिया के 50 से अधिक देशों में लगभग यही हालात हैं। इस स्थिति से अब निकलने की जरुरत है।

भारत के भी आर्थिक हालात लगातार चिंतनीय होते जा रहे हैं। कोरोनावायरस संकट के बाद देश के लगभग 9 करोड़ लोग निम्न मध्यम वर्ग से अति गरीब हो गए हैं। देश का विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से कम होने लगा है। सार्वजनिक सेवा की बैंक ओएनजी बीमा जैसी नवरत्न कंपनियों को किसी क्षेत्रों को बेचा जा रहा है। सरकार लाभ देने वाली कंपनियों में हिस्सेदारी बेच रही है। श्रीलंका में प्रधानमंत्री 2050 तक सत्ता में बने रहने का दावा कर रहे थे। लेकिन आज उन्हें सत्ता छोड़ कर भागना पड़ा। पेट्रोल-डीजल, मंहगाई, बेरोजगारी के कारण श्रीलंका जैसे हालात भारत में भी हो सकते हैं। यदि समय रहते भारत की आर्थिक स्थिति को नहीं संभाला गया तो महंगाई बेकाबू हो जाएगी। बेतहाशा बढ़ती महंगाई ने मध्यम एवं निम्न वर्ग के परिवार की कमर तोड़ दी है। जनता में भयानक असंतोष है। सभी चीजों के बढ़ते दामों के कारण आर्थिक हालात बिगड़ चुकी हैं। भारत के ऊपर विदेशी कर्ज भी लगातार बढ़ रहा है। भारत के कई राज्यों ने अपने जीडीपी के अनुपात में अधिक कर्ज ले रखा है। श्रीलंका कर्ज के कारण दिवालिया हुआ है। भारत को समय रहते मंहगाई को नियंत्रित करने एवं विदेशी मुद्रा को बचाने के लिए त्वरित निर्णय लेना होगा अन्यथा भारत में भी अराजक्ता की स्थिति पैदा हो सकती है।

# हम भी वही कर रहे है, जो मुगलिया शासकों ने किया था!

### सूडोकू नवताल- 6069

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*


### सूडोकू नवताल -6068 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

**ओमप्रकाश मेहता**

एक बहुत पुरानी कहावत है- ''इतिहास स्वयं को दोहराता है'' ....आज उसी पुरानी कहावत के भारत में साक्षात दर्शन हो रहे है, आज से कुछ शताब्दियों पूर्व तत्कालीन शासकों ने जिस धर्म आधारित राजनीति के तहत हमारे देश के आराधना स्थलों को खण्डहरों में परिवर्तित कर उनकी जगह अपनी धर्म पताकाएँ फहराई, आज हम भी उसी इतिहास को दोहराने की ओर अग्रसर है और गैर हिन्दू आराधना स्थलों पर अपने मंदिरों के प्राचीन अवशेष खोज रहे है, उस समय के तत्कालीन शासकों ने भी मजहब से प्रभावित हो कर अनैतिक कार्य किया था और आज हम भी धार्मिक भावनाओं से ग्रसित होकर वही करने जा रहे है, आखिर इससे हमें हासिल क्या होना है? क्या आज हमारे देश में आराधना स्थलों की कमी है, जो हम नए पुरातन आराधना स्थलों की खोज कर रहे है? या हमारे इस कृत्य के पीछे हमारी भावनाएँ व हमारे प्रयास कुछ और है? आज हर भारतीय के लिए यह आत्मचिंतन का विषय होना चाहिए।

यह कृत्य यहीं तक सीमित होता तो फिर भी ठीक था, किंतु हम तो इस कृत्य के माध्यम से नए शोध के नाम पर हमारे पुरातन इतिहास को बदलने का प्रयास कर रहे है, जिसका ताजा उदाहरण यह सिद्ध करने का प्रयास किया जा रहा है कि विश्व के सात अजूबों में से एक हमारे देश की धरोहर ताज महल मुस्लिम शासक शाहजहां ने अपनी बैगम मुमताज की स्मृति में नहीं बनवाया था, बल्कि वहां किसी परारदी देव ने तेजो महालय



(शंकर मंदिर) स्थापित किया था, जिसे तोड़कर वहां थोड़ा-बहुत परिवर्तन कर आज के ताज महल को बनवाया गया, इसके प्रमाण में कई दलीलें भी दी जा रही है, जिनमें से एक दलील यह है कि मुगल शासक अपने किसी भी निर्माण कार्य के नामकरण के साथ 'महल' के नाम पर नहीं करते थे, अब यह भी दावा किया जा रहा है कि ताज महल के नीचे 22 कमरे है, जिन्हें 1934 के बाद से आज तक खोला नहीं गया है, इन कमरों में हिन्दू देवी-देवताओं की मूर्तियाँ, भित्तीचित्र और शिला लेख विद्यमान है, अब न्यायपालिका में गुहार लगाकर इन रहस्यमयी कमरों को खुलवाकर जांच कराने की याचना की जा रही है। फिलहाल ताज महल यूपी सुन्नी वक्फ कमेटी के नियंत्रण में है।

ठीक यही विवाद एक और विश्व धरोहर दिल्ली स्थित कुतुब मीनार को लेकर है, इतिहासकारों के अनुसार इस मीनार का निर्माण 1192 में तत्कालीन मुस्लिम शासक कुतुबद्धिन ऐबक ने करवाया था, उसने अपने ही नाम पर इसका नामकरण भी किया था। अब देश के हिन्दू संगठन दावा कर रहे है कि इसी मीनार में हिन्दू देवी देवताओं के सत्ताईस मंदिर है, संगठनों ने पिछले दिनों धरना प्रदर्शन के माध्यम से न सिर्फ इन मंदिरों की पूजा का अधिकार देने की मांग की बल्कि कुतुबमीनार का नाम बदलकर 'विष्णु स्तंभ' करने की भी मांग की, यह मीनार भी दुनिया की अमूल्य धरोहरों में से एक है और यदि इसका नाम बदला गया तो इसका 'विश्व धरोहर' का दर्जा भी छीन जाएगा, किंतु धर्मान्धियों को इस बात की कोई चिंता नहीं है इसी के चलते विश्व प्रसिद्ध भारत की इन दोनों धरोहरों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है।

यह तो हुई हमारी विश्व प्रसिद्ध धरोहरों के अस्तित्व की बात। अब यदि हम हमारे तीर्थस्थलों की बात करें तो वहां भी नए-नए दावे कर इन तीर्थस्थलों की साम्प्रदायिकता के दायरे में लाने का प्रयास किया जा रहा है, अयोध्या का बाबरी मस्जिद काण्ड तो किसी से छिपा नहीं है, अब इसी काण्ड को हमारे प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ काशी (वाराणसी) और मथुरा में दोहराने के प्रयास किए जा रहे है, कहा जा रहा है कि वाराणसी में बाबा विश्वनाथ जी के मंदिर के निकट स्थित ज्ञानवापी मस्जिद मंदिर की ही जमीन पर बनाई गई है, न्यायालय के आदेश पर जब जांच दल वहां पहुंचा तो मस्जिद के प्रबंधकों ने उन्हें सर्वेक्षण करने से रोक दिया, अब न्यायालय पुनः सर्वेक्षण की तारीख तय कर निर्देश देने वाला हैं। यही विवाद अब राम जन्मभूमि (अयोध्या) के बाद कृष्ण जन्मभूमि (मथुरा) में भी शुरू हो रहा है।

## राजद्रोह कानून को रद्द करें

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

अंग्रेजों के बनाए हुए 152 साल पुराने राजद्रोह कानून की शामत आ चुकी है। सर्वोच्च न्यायालय ने उसे पूरी तरह से अवैध घोषित नहीं किया है लेकिन वैसा करने के पहले उसने केंद्र सरकार को कहा है कि 10 जून तक वह यह बताए कि उसमें वह क्या-क्या सुधार करना चाहती है। दूसरे शब्दों में सरकार भी सहमत है कि राजद्रोह का यह कानून अनुचित और असामयिक है। यदि सरकार की यह मन्शा प्रकट नहीं होती तो अदालत इस कानून को रद्द ही घोषित कर देती। फिलहाल अदालत ने इस कानून को स्थगित करने का निर्देश जारी किया है। अंग्रेज ने यह कानून 1857 के स्वातंर्त्य संग्राम के तीन साल बाद बना दिया था। यह कानून भारत की दंड सहिता की धारा 124ए में वर्णित है। इस कानून के तहत किसी भी व्यक्ति को यदि अंग्रेज सरकार के खिलाफ बोलते या लिखते हुए, आंदोलन या प्रदर्शन करते हुए, देश की शांति और व्यवस्था को भंग करते पाया गया तो उसे तत्काल गिरफ्तार किया जा सकता है, उसे जमानत पर छूटने का अधिकार भी नहीं होगा और उसे आजन्म कारावास भी मिल सकता है। इस कानून का दुरुपयोग अंग्रेज सरकार ने किस-किसके खिलाफ नहीं किया? यदि भगतसिंह के खिलाफ किया गया तो महात्मा गांधी, बालगंगाधर तिलक, सरदार पटेल, जवाहरलाल नेहरु ने भी इसी कानून के तहत जेल काटी। आजादी के बाद भी यह कानून जारी रहा। इंदिरा गांधी के राज में इसे और भी सख्त बना दिया गया। किसी भी नागरिक को अब राजद्रोह के अपराध में वारंट के बिना भी जेल में सड़ाया जा सकता है। ऐसे सैकड़ों लोगों को सभी सरकारों ने वक्त-बेवक्त गिरफ्तार किया है, जिन्हें वे अपना विरोधी समझती थीं। किसी प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री की आलोचना या निंदा क्या राजद्रोह कहलाएगी? देश में चलनेवाले शांतिपूर्ण और अहिंसक आंदोलन के कई नेताओं को राजद्रोह का अपराधी घोषित करके जेल में डाला गया है। कई पत्रकार भी इस कानून के शिकार हुए जैसे विनोद दुआ, सिद्दीक़ कप्पन और अमन चोपड़ा। आगरा में तीन कश्मीरी छात्रों को इसलिए जेल भुगतनी पड़ी कि उन्होंने पाकिस्तानी क्रिकेट टीम को भारत के विरुद्ध उसकी जीत पर व्हाट्साप के जरिए बधाई दे दी थी। बेंगलुरु की दिशा रवि को पुलिस ने इसलिए पकड़ लिया था कि उसने किसान आंदोलन के समर्थन में एक 'टूलकिट' जारी कर दिया था। जितने लोगों को इस 'राजद्रोह कानून' के तहत गिरफ्तार किया गया, उनसे आप असहमत हो सकते हैं।

# भारत की बेटियां कार्यक्रम उमंग और उत्साह के साथ आयोजित

**मुरैना।** 75वां आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर अभियान जो कि भारतीय संस्कृति मंत्रालय के साथ सुसंस्कारों की धरोहर भारत की बेटियां कार्यक्रम उमंग और उत्साह के साथ प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 75 बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सरोजिनी हायर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. क्षमा कौशिक, महिला बाल कल्याण की सदस्य सुनीता अग्रवाल, गवर्नमेंट स्कूल के प्रिंसिपल राजीव, ऊषा बांदिल, महिला बाल विकास सुपरवाइजर मीना चौहान और पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी बांदिल मौजूद रहे।



पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं समाजसेवी डॉ. आरसी बांदिल ने कहा है कि हमारे देश की बेटियां किस तरीके से अपना एवं अपने देश का नाम रोशन कर रही है। यहां तक की बी.बी.सी.ने सर्वश्रेष्ठ 100 बेटियों की सूची तैयार की, जिसमें 7 बेटियां तो हमारे देश की हैं। जिनमें लता मंगेशकर, कामिनी कौशल, करन कुटियाल, मुमताज शेख, सानिया मिर्जा के नाम शामिल हैं। इसी प्रकार से हमारे देश में विभिन्न क्षेत्रों में जैसे की कल्पना चावला व सुनीता अंतरिक्ष में, बछेंद्री पाल ने एवरेस्ट की चढ़ाई, किरण बेदी ने पुलिस विभाग एवं अन्य विभागों में बेटियों ने अपना नाम रोशन किया है। श्रीमती ऊषा बांदिल ने भी स्थानीय भाषा में कई कविता पाठ कर बेटियों का मान बढ़ाया। श्रीमती सुनीता अग्रवाल ने आव्हान किया कि बेटियां जिस क्षेत्र में भी कार्य करें, उनका प्रदर्शन उत्कृष्ट होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बेटियों के सम्मान में जुनून भरा नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही डॉक्टर क्षमा कौशिक ने बेटियों के द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित वाणी में उनको प्रोत्साहित किया और कविता पाठ भी किया। जिसका मूल उद्देश्य यह बताना था, कैसे बेटियां दो परिवारों को जोड़ें रहती है और अपने संस्कारों से दोनों परिवारों का मान-सम्मान करती हैं। श्रीमती मीना चौहान ने बालिकाओं को शक्ति बढ़ाने हेतु जो प्रयास किए जाते हैं, जैसे कि खून की कमी को दूर करने के लिए आर्यन की गोलियां खाने की सलाह दी। सभागार में मौजूद कुमारी नेंसी ग्रेजुएट छात्रा ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि समाज में किस तरीके से बालक और बालिकाओं के बीच भेदभाव किया जाता है, वह नहीं होना चाहिए। अंत में कवियत्री संध्या सुरभि ने भी कविता पाठ करके बताया कि हमारे देश की बालिकाओं में जो संस्कार पनप रहे हैं उससे उत्कृष्ट कार्य करके वे देश का नाम रोशन कर रही है। कार्यक्रम की अंतिम बेला में राजयोगिनी बी.के रेखा बहन ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बालिकाओं में अच्छे संस्कार कैसे आए, इसकी जिम्मेदारी माता-पिता की भी है और बालिका की भी है। आज बालिकाओं का ध्यान मोबाइल की तरफ ज्यादा हो गया है, जो सही नहीं है। इसीलिए अपनी शक्ति को पॉजिटिव बनाएं, इसके लिए अपने लक्ष्य निर्धारित करें। कार्यक्रम का सफल संचालन बी.के रितिका बहन द्वारा किया गया।



## अवैध देशी कट्टा 315 बोर, कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना/कैलारस।** चिन्नौनी थाना पुलिस ने कस्बे में वारदात की नियत से अवैध हथियार लेकर घूम रहे हैं एक आरोपी को गिरफ्तार कर कट्टा एवं राउंड बरामद कर मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में बदमाशों के विरुद्ध चलाये जा रहे धरपकड अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी चिन्नौनी अविनाश सिंह राठौड को मुखबिर सूचना मिली की बैधपुरा रोड पर एक व्यक्ति बारदात की नियत से खडा है। उक्त सूचना पर प्र.आर. बृजेन्द्र सिंह तोमर को मय फोर्स कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने ग्राम बैधपुरा रोड हनुमान मंदिर के पास से एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी अवैध 315 बोर का कट्टा मय दो जिन्दा राउण्ड के जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध थाना चिन्नौनी में अप क्र 88/22 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध विवेचना में लिया गया। गिरफ्तारशुदा आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

## जिला चिकित्सालय में मनाया गया नर्सिंग डे

**मुरैना।** जिला चिकित्सालय के नवीन भवन में गुरूवार को नर्सिंग डे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा और डब्ल्यूएचओ श्री राजावत की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. विनोद गुप्ता, डॉ. महेश शर्मा, डॉ. संजय शर्मा, एसपी श्रीवास्तव, डॉ. अजय गोयल, डिप्टी मीडिया ऑफीसर श्रीमती रामलली माहौर, मेटरन मीना डेकाटे आदि उपस्थित थे। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने नर्सिंग फौरहिन्स नाईटिंगेल के कार्य पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ. शर्मा ने कोरोना काल की कठिन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में नर्सिंग स्टाफ द्वारा स्वयं को जोखिम में डालते हुए की गई सेवा का स्मरण भी किया।



# शक्कर कारखाना बचाओ आंदोलन : मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी जौरा को दिया ज्ञापन

### आगामी आंदोलन में 6 जून को किसानों के शहादत दिवस पर 300 से ज्यादा स्थानों पर की जाएंगी विरोध कार्यवाहियां

**जौरा।** शक्कर कारखाना बचाओ आंदोलन के 8 वे कदम में गुरूवार को जौरा में शक्कर कारखाने की नीलामी रोकने, कारखाने को चलाने, किसान कर्मचारियों का भुगतान करने, आवारा पशुओं का प्रबंधन करने, बिजली कटौती रोकने, शासकीय भूमि पर पीढ़ियों से बसे हितग्राहियों को भू अधिकार पत्र बिना प्रीमियम के प्रदाय करने की मांग को लेकर सर्वदलीय संघर्ष समिति की ओर से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को दिया गया। ज्ञापन देने की कार्यवाही से पूर्व हुई मीटिंग को महेश दत्त मिश्रा पूर्व विधायक, सोनेराम कुशवाहा पूर्व विधायक, अशोक तिवारी राज्य उपाध्यक्ष किसान सभा मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, विष्णु अग्रवाल कार्यवाहक जिला अध्यक्ष कांग्रेस, मानवेंद्र गांधी, राकेश यादव पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत, गयाराम सिंह धाकड़ किसान सभा, पंकज उपाध्याय कांग्रेस, बृजमोहन मरैया प्रदेश महासचिव कांग्रेस, नंदलाल खरे बहुजन समाज पार्टी, ओमप्रकाश श्रीवास, जीवनलाल त्यागी, राजवीर सिंह धाकड़ एसएफआई सचिव, मदन मोहन भारद्वाज, नारायण शर्मा, हंसराज शर्मा, मुरारीलाल अमर, दाताराम पाल, राजेंद्र शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा सरपंच, कन्हैया लाल धाकड़, उदय राज सिंह, गोपाल सिंह कुशवाहा, अमर सिंह राठौर आदि ने संबोधित किया। आगामी कदम के तौर पर सर्वसम्मति से निश्चय किया गया है कि 6 जून को किसान शहादत दिवस पर जिले भर की सभी तहसीलों में 300 स्थानों पर विरोध कार्रवाई की जाएगी। सरकार से आग्रह है कि किसानों की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए।




# रोटरी क्लब चम्बल आयोजित करेगा द पैरेंटिंग सेमिनार

### -एक्सपर्ट मोटिवेशनल स्पीकर द्वारा दिये जायेंगे अभिभावकों को टिप्स

**मुरैना।** समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब चंबल टीएसएस स्कूल के सहयोग से बच्चों एवं अभिभावकों के लिए एक सेमिनार आगामी 15 मई को आयोजित कर रहा है, जिसमें बच्चों को पढ़ाई के प्रति रुचि किस प्रकार उत्पन्न की जानी है, उसके टिप्स दिए जाएंगे। रोटरी क्लब चम्बल के अध्यक्ष आनंद गुप्ता ने बताया कि टीएसएस इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में 15 मई रविवार को सुबह 9 से 11 बजे तक टीएसएस इंटरनेशनल स्कूल एबी रोड मुरैना के ऑडिटोरियम में सेमिनार आयोजित किया जाएगा। यह सेमिनार सिर्फ पैरेंट्स कपल के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिसका प्रमुख उद्देश्य बच्चों से जुड़ी हुई समस्याएं जो कि हर पैरेंट्स के लिए परेशानी का कारण है, जैसे बच्चे घर पर पढ़ते नहीं हैं, ठीक से खाना नहीं खाते हैं, मोबाइल एवं टीवी से बच्चों को कैसे दूर करें, बच्चों के स्वास्थ्य का विकास कैसे हो, इन सभी बातों पर एक्सपर्ट मोटिवेशनल स्पीकर द्वारा सेमिनार में पैरेंट्स को टिप्स दिए जाएंगे। इसके अलावा पैरेंट्स की समस्याओं के लिए एक्सपर्ट्स द्वारा अपनी समस्याओं के निदान हेतु ओपन प्रश्न मंच भी होगा। इस सेमिनार के आयोजन का मुख्य उद्देश्य गर्मियों की छुट्टियों में घर मे रहकर बच्चों के स्वास्थ्य एवं पढ़ाई में रुचि दिलाने एवं टीवी एवं मोबाइल के लगातार उपयोग को कम करने हेतु एक्सपर्ट की सलाह को पैरेंट्स अधिक से अधिक समझकर अपने बच्चों की देख-रेख कर सके और बच्चों के विकास में मदद कर सके।




-फोटो फाइल- 12 मुरैना 05




## राष्ट्रीरा डेंगू दिवस एवं जन-जागरूकता पखवाडा अंतरविभागीरा एडवोकेसी तथा सामाजिक जुड़ाव कार्राशाला संपन्न

**मुरैना।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस एवं जन जागरूकता पखवाडा अंतरविभागीय एडवोकेसी एवं सामाजिक जुड़ाव कार्यशाला नगर पालिक निगम मुरैना के सभागार में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यशाला में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. गिर्राज गुप्ता, नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जगदीश टेगोर, शहरी क्षेत्र की ए.एन.एम. नगर निगम के वार्ड प्रभारी एवं मलेरिया विभाग के समस्त कर्मचारी मौजूद थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शर्मा ने डेंगू, चिकिनगुनिया एवं जीका से बचाव के लिए एडिज मच्छरो की रोकथाम के लिये नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा लार्वा सर्वे एवं दवा छिड़काव के कार्य करने एवं विगत वर्षों के डेंगू प्रभावित क्षेत्रो में सतत् निगरानी रखते हुये कार्य कराये जाने के निर्देश दिये। सीमएचओ ने जनसामान्य को जागरूक करने हेतु फेसबुक, वाट्सअप, स्थानीय टी.वी. चेनलों के माध्यम से जनमानस को मच्छरो के लार्वा के उत्पति स्थल एवं डेंगू से बचाव के सामान्य तरीके की जानकारी से अवगत कराने के भी निर्देश दिये। जिला मलेरिया अधिकारी ने प्रजेंटेसन के माध्यम से डेंगू कैसे फैलता है एवं इससे कैसे बचाव आदि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डेंगू बुखार ऐडीज एजिप्टी मच्छर द्वारा फैलाया जाने वाला बुखार है, जो डेन नामक वायरस के कारण होता है। डेंगू बुखार के लक्षण - संक्रमित मच्छर के काटने से 5-6 दिन बाद प्रगट होता है, इसमें तेज बुखार के साथ, सिर दर्द, ऑखों के पीछे दर्द, मॉसपेषियों में दर्द, घबराहट, उल्टी एवं चक्कर आना आदि लक्षण होते है, जबकि हेमोरेजिक डेंगू में शरीर पर चकत्ते आ जाते है। नाक, मसुडो आदि से खून का रिसाव भी शुरू हो जाता है। ऐसे लक्षणों वाले व्यक्ति को तुरंत स्वास्थ्य केन्द्र ले जाना चाहिए। डेंगू से बचाव के लिए घर में एवं घर के आस पास साफ पानी तीन चार दिन से ज्यादा जमा नहीं होनें दें। विशेष तौर पर कूलर की टंकी एवं सीमेंट की टंकी, फ्रीज के पीछे जमा पानी एवं सकोरे, टूटे फूटे पात्रो में जमा पानी समय-समय पर खाली कर दें एवं कुछ समय पश्चात ही पानी भरें। यदि किसी स्थान का जमा पानी खाली नहीं किया जा सकता तो उस स्थान पर जला हुआ तेल या मिटटी का तेल या कोई भी अन्य तेल का छिड़काव किया जाकर मच्छरों की संख्या को नियंत्रित किया जा सकता है।

## कृषि विभाग के अधिकारियों ने विकासखण्ड जौरा का भ्रमण कर मूंग फसल का किया निरीक्षण

**मुरैना।** उप संचालक अनंत बिहारी सडैय़ा, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अशोक यादव, सहायक संचालक बी.डी. नरवरिया, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड जौरा अनेक सिंह तोमर ने बुधवार को विकासखण्ड जौरा का भ्रमण कर मूंग फसल का निरीक्षण किया। ग्राम हड़बांसी के कृषक दीपेश शर्मा पुत्र रामबीर शर्मा के खेत पर मूंग की फसल में कीट लगे होने पर उनको दवा डालने के लिये कृषि वैज्ञानिक यादव ने सलाह दी। ग्राम उरहेड़ी के कृषक दाताराम शर्मा, ग्राम कुम्हेरी के कृषक जीवाराम शर्मा के खेतों का निरीक्षण किया गया। साथ ही कृषकों को मूंग फसल में लगने वाले कीट एवं रोगों के नियंत्रण के लिये दवाईयों की जानकारी कृषकों को दी। कीट नियंत्रण हेतु प्रपेनोफॉस 50 ई.सी. 1500 मि.ली.हैक्टेयर, ट्राइजोफास 40 ई.सी. 800 मि.ली., हैक्टेयर, इण्डाक्साकार्ब 14.5 एस.सी. 500 मि.ली, हैक्टेयर 500 लीटर पानी में घोल तैयार कर छिड़काव करने की सलाह कृषकों को दी गई। मुरैना जिले के मूंग उत्पादन करने वाले सभी कृषक इन दवाईयों का उपयोग अपने खेत में कीट लगने पर कर सकते हैं। अपनी फसल को कीटों से होने वाले नुकसान से बचा सकते हैं। उप संचालक कृषि सड़ैया ने सभी क्षेत्रीय अधिकारियों, एस.ए.डी.ओ., ए.डी.ओ. एवं आर.ए.ई.ओ. को मूंग की फसल उगाने वाले कृषकों से संपर्क कर उनको फसल में नुकसान पहुंचाने वाले कीटों के नियंत्रण हेतु उपरोक्त दवाओं की सलाह देने हेतु निर्देशित किया। मुरैना जिले में लगभग 4500 हैक्टेयर में मूंग की फसल लगाई जाती है। जिससे किसान प्रति हैक्टेयर 10-12 क्विंटल उत्पादन प्राप्त करते हैं तथा प्रति हैक्टेयर 70000-80000 का अतिरिक्त लाभ कमाते हैं।



# प्रदेश में नकली और खराब बीज नहीं बेच पाएंगे व्यापारी, फैसलेस सैंपलिंग होगी



**भोपाल।** किसानों को नकली कीटनाशक और खराब या अमानक बीज बेचकर नुकसान पहुंचाने वाले व्यापारियों पर मध्यप्रदेश सरकार शिंकजा कस रही है. ऐसे व्यापारियों को पकड़ने के लिए बीज की सैंपलिंग पूरी तरह से फैसलेस की गई है।

बीते तीन साल में तीन हजार बीज के सैंपल में से 90 प्रतिशत सही पाए गए थे. जबकि किसानों की शिकायत थी कि खराब बीज की वजह से उन्हें सही उपज नहीं मिली. कृषि विभाग के अफसरों ने जब इसकी बारीकी से जांच की तो पता चला कि सैंपलिंग के बाद व्यापारी लैब व जांच रिपोर्ट पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर उसमें क्लीनचिट पा लेते हैं. इस वजह से सरकार को बड़ी गड़बड़ी की शंका हो रही थी. कृषि मंत्री कमल पटेल ने बताया कि नकली कीटनाशक और बीज बेचने वालों के साथ लैब और विभाग के अफसरों के बीच सांठगांठ को रोकने के लिए नया सिस्टम लाया गया है।

### अब यह होगा

कृषि विभाग में नकली कीटनाशक और बीज के लगातार प्रकरण सामने आने के बाद अब सैंपल पर कोई ब्यौरा नहीं दिया जाएगा. बल्कि इस पर एक क्यूआर कोड चस्पा किया जाएगा. इसके लिए डाक विभाग के साथ करार हुआ है. इसी क्यूआर कोड के आधार पर डाक विभाग संबंधित लैब में सैंपल भेज देगा. यहां लैब में भी पता नहीं चलेगा कि यह सैंपल कहां से और किसने भेजा है. जब रिपोर्ट आ जाएगी तो उसी क्यूआर कोड के आधार पर रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी जाएगी।

### अभी यह होता था

अभी बीज के सैंपल लेने के बाद बीज निरीक्षक व्यापारी की फर्म के नाम-पते से लेकर घर तक का सारा ब्यौरा लिखता था. फिर बीज निरीक्षक से लेकर लैब तक की जानकारी भी सभी को रहती थी. जैसे ही लैब में बीज पहुंचता था, वैसे ही गड़बड़ियां शुरू हो जाती थी।

### यह होगा फायदा

नई व्यवस्था में सैंपल लेने के बाद मानक या अमानक की रिपोर्ट आने तक पता नहीं चलेगा. इससे सैंपल के बाद

## तेज गर्मी में उपभौक्ता समय पर बिजली बिल जमा कर असुबिधा से बचे...

# बिजली बिल जमा नहीं करने वालों पर होगी कार्रवाई: रबिकान्त प्रजापति ऐई अम्बाह

**अम्बाह** असिन्टेड इंन्जीनियर रबिकान्त प्रजापति ने कहा है कि इस भीषण गर्मी में बिजली की बचत करे और मीटर से ही बिजली का प्रयोग कर जिससे आपको हमेशा मीटर रीडिग की फिक्र रहैगी और बिजली की कम खपत के साथ बिल भी कम आयेगा जिससे बिभाग की बिजली भी बचेगी आपका बिल कम आयेगा बिजली बिल जमा करने में अनदेखी न करें। इससे न केवल विभागीय कार्य पर असर पड़ता है बल्कि देश के विकास कार्य में भी बाधा पहुंचाता है। समय पर बिल का भुगतान नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की तैयारी में विभाग जुट गई है।

विभाग के नवागत डीजीएम अभय प्रताप चौपडा ने कहा कि बिजली बिल को समय पर भुगतान नहीं करने वालों को अब महंगा पड़ेगा। उनके खिलाफ





चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई की जायेगी। पहले बिल भुगतान को लेकर अपील व अनुरोध किया जायेगा। इसके बाद बिजली कनेक्शन काट दिया जायेगा। इसके तीन माह बाद भी भुगतान नहीं करने पर लापरवाह उपभोक्ताओं के खिलाफ सर्टिफिकेट केस दर्ज किया जायेगा।

क्या होती है परेशानी ऐई रबिकान्त प्रजापति ने कहा कि बिजली बिल का भुगतान नहीं होने से बिजली कम खरीदी जायेगी। वितरण कंपनियां बाजार से बिजली खरीदकर उपभोक्ताओं के घर तक पहुंचाती है। उपभोक्ताओं को बिल हर स्थिति में भरना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बिजली कर्मी का





मुख्य काम बिजली आपूर्ति को सुचारू रखने के लिए तकनीकी कार्य करना है जिससे बार-बार ब्रेक डाउन न हो तथा ट्रांसफर्मर क्षतिग्रस्त न हो। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए कार्य करना है। अधिकांश लोगों द्वारा बिल न जमा करने के कारण कर्मचारियों का पूरा समय बिजली बकायेदारों से बिल धन राशि वसूलने में लगता है। जिससे बिजली आपूर्ति सुचारू करने में समय लग जाता है और उपभोक्ताओं को परेशानी होती है। प्रत्येक उपभोक्ता प्रति माह अपना बिल जब तक नहीं भरेंगे तब तक सुरक्षित एवं सुचारू आपूर्ति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि बिजली कर्मचारियों के साथ गाली गलौज करने, सरकारों को कोसने से समस्या का हल नहीं निकलेगा। सुचारू बिजली चाहिए तो हमें अपना बिल प्रति माह जमा करना पड़ेगा केवल और केवल यही एक मात्र समाधान है। हर माह काटे जाते है उपभोक्ताओं के कनेक्शन बिजली बिल का भुगतान नहीं करने पर कार्रवाई की जा रही है।

# हवन यज्ञ व भंडारे के साथ हुआ श्रीमद् भागवत कथा का समापन

**उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** अटेर जनपद के अंतर्गत ग्राम खड़ीत में चल रही भागवत कथा बुधवार को संपन्न हो गई। कथा के समापन के बाद गुरुवार को हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुतियां दीं और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। भागवत कथा का आयोजन श्यामसुंदर कटारे, अवधेश कटारे एवं परिवार की ओर से श्री श्री 108 सुंदरदास जी महाराज चित्रकूट धाम के आशीर्वाद से करवाया गया। कथा व्यास अंतर्राष्ट्रीय कथाकार एवं समाज सुधारक आचार्य मनोज अवस्थी ने 7 दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से





भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। उन्होंने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। श्री अवस्थी ने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद् भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। कथा व्यास ने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला प्र का अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन। जिसे हम सब प्रसाद कहते हैं यह हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन बुद्धि व चित्त को निर्मल कर देता है। मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है। भगवान को लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है। कथा समापन के दिन गुरुवार को विधिविधान से पूजा करवाई गई एवं दोपहर तक हवन एवं पूर्णाहुति संपन्न हुई तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें भारी संख्या में प्रदेश एवं जिले के जनप्रतिनिधि, पत्राकार, समाजसेवी, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं क्षेत्रवासी उपस्थित हुए।

## नेशनल लोक अदालत 14

**भोपाल।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदेश में नेशनल लोक अदालत आयोजित किए जाने के तारतम्य में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आदेश में निहित निर्देशों अनुसार नगर निगम द्वारा अपने सभी जोन/वार्ड कार्यालयों में लोक अदालत शिविरों का आयोजन 14 मई को किया जाएगा। इन शिविरों में सम्पत्तिकर व जलदर के अधिभार में शासन द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन छूट प्रदान की जाकर सम्पत्तिकर/जलदर के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने लोक अदालत शिविरों हेतु व्यापक तैयारियां सुनिश्चित करने, समस्त वार्डों में अतिरिक्त हैण्ड हेल्ड डिवाइज मशीन, पीओएस मशीन, कम्प्यूटर व कम्प्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था करने तथा देयक/ मांग पत्र तामील कराने एवं व्यापक प्रचार करने के निर्देश दिए।

# ट्रेन से ट्रैक पर गिरा युवक, 2 किमी वापस लौटी ट्रेन

**हरदा।** हरदा में रोंगटे खड़े कर देने वाला वाकया हुआ. कोच के गेट पर बैठकर सफर कर रहा 19 साल का एक लड़का ट्रेन से गिर गया. उसे उठाने के लिए ट्रेन दो किमी वापस लौटी. लड़का बुरी तरह घायल हालत में ट्रैक पर पड़ा मिला. ट्रेन उसे उठाकर हरदा लेकर आई, फिर यहां से उसे भोपाल रैफर कर दिया गया।

ये दुर्घटना ताप्ती गंगा एक्सप्रेस डाउन में घटी. हादसा हरदा जिले के चारखेड़ा रेलवे स्टेशन के पास हुआ. 19 साल का लड़का ट्रेन के कोच के गेट पर बैठकर सफर कर रहा था. चारखेड़ा स्टेशन के नजदीक वो ट्रेन से गिर गया. ट्रेन अपनी रफ्तार से आगे बढ़ चली. शोर-शराबा हुआ और बात रेल प्रशासन तक पहुंच गयी. उसे उठाने के लिए ट्रेन को करीब 2 किमी वापस लौटाने का फैसला हुआ. उस समय उस डाउन ट्रैक से गुजरने वाली ट्रेनों को रोका गया और ताप्ती गंगा ट्रेन को उल्टा लौटाया गया. चारखेड़ा रेलवे स्टेशन ट्रेन पहुंची तो देखा



युवक घायल हालत में पड़ा था. घायल को ट्रेन में उठाकर रखा गया. उसे हरदा रेलवे स्टेशन पर उतारकर इलाज के लिए जिला अस्पताल और फिर वहां से भोपाल रेफर किया गया।

### ट्रेन से सूरत जा रहा था युवक

घायल लड़के की पहचान 19 साल के दीपक के तौर पर हुई है. वो यूपी के मिर्जापुर जिले के विंध्याचल गांव का रहने वाला है. वो अपने चाचा के साथ 19046 ताप्ती गंगा एक्सप्रेस ट्रेन से काम पर सूरत जा रहा था. वो ट्रेन के कोच एस 10 में दरवाजे पर बैठा था. अचानक उसकी झपकी लग गई और वह चारखेड़ा के पास ट्रेन से गिर गया।

### 2 किमी लौटी ट्रेन

युवक के रेलवे ट्रेक पर गिरकर घायल होने की जानकारी हरदा स्टेशन पर मिलते ही उसकी जान बचाने के लिए ट्रेन को पीछे ले जाने का निर्णय हुआ. हरदा स्टेशन के पास से खम्बा नम्बर 675.17 से ट्रेन को 2 किलोमीटर पीछे चारखेड़ा स्टेशन ले जाया गया।

# तीन हजार लोगों को जेल भेजने की तैयारी

### 14 तारीख आखिरी मौका

**भोपाल।** भोपाल के 3 हजार लोगों को जेल भेजने की तैयारी है. ट्रैफिक पुलिस सबके खिलाफ सख्त कदम उठाने का मन बना चुकी है. ये वो लोग हैं जिन्होंने ट्रैफिक नियम तोड़ा और अब चालान भी जमा नहीं कर रहे हैं. फिलहाल पुलिस एक आखिरी मौका और दे रही है. अगर अब भी चालान नहीं भरा तो फिर सबको जेल भेज दिया जाएगा।

भोपाल में ऑन द स्पॉट चालान के लिए ट्रैफिक पुलिस अलग-अलग जगहों पर पॉइंट लगाकर तैनात रहती है. ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों का चालान काटा जाता है. इस व्यवस्था के अलावा ट्रैफिक पुलिस आईटीएमएस और सिटी सर्विलांस के जरिये भी ई-चालान भेजती है। कुछ लोग ई चालान की राशि जमा करने थाने आते हैं. लेकिन अधिकांश लोग ऐसे हैं जिन्हें बार-बार नोटिस भेजने पर भी असर नहीं पड़ता। वो लापरवाह



बने हुए हैं. ना ही कोई जवाब देते हैं और ना ही फाइन जमा करते हैं. हर व्यक्ति के घर जाना पुलिस के लिए भी संभव नहीं है. पुलिस नोटिस के जरिए ही उन्हें बार-बार सूचना देती है।

एक बार फिर ऐसे 3000 लापरवाह वाहन चालकों को नोटिस जारी कर आखरी मौका दिया है. यह वह लोग हैं जिन्होंने साल भर से ई चालान जमा नहीं किया है. आखिरी तारीख 14 मई है. इस दिन लगने वाली लोक अदालत में फाइन जमा कराना होगा. अन्यथा उसके बाद पुलिस उन्हें जेल भी भेज सकती है।

### ऑनलाइन सुविधा

भोपाल ट्रैफिक पुलिस ने और भी एक सुविधा और मौका दिया है. अगर लोग लोक अदालत में नहीं आ सकते हैं तो वो ऑनलाइन समन शुल्क जमा करा सकते हैं. इस संबंध में ट्रैफिक डीएसपी हंसराज ने कहा एक साथ इतनी बड़ी संख्या में लोग लोक अदालत में नहीं आ सकते. भीषण गर्मी है. इसलिए लोगों को ऑनलाइन समन शुल्क जमा करने की सुविधा दी गई है।

# नहीं रही वन विहार की बाघिन मचमची

### दो दिन पहले से छोड़ दिया था खाना-पीना

**भोपाल।** वन विहार नेशनल पार्क की बाघिन मचमची की आखिरकार मौत हो गई । मचमची ने दो दिन पहले से भोजन करना छोड़ दिया था। बताया जा रहा है कि मचमची की उम्र 11 साल थी। बाघिन की मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है, लेकिन प्राथमिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला है कि उसके शरीर के कुछ अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। बता दें कि वन विहार नेशनल पार्क में 7 और 8 मई की दरमियानी रात मादा तेंदुआ शावक पिंकी की भी मौत हो गई थी। बाघिन मचमची को 24 अक्टूबर 2018 को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उमरिया क्षेत्र से रेस्क्यू कर वनविहार लाया गया था। तब वह आठ वर्ष की थी, उसे पार्क में लायन हाउसिंग क्रमांक एक में रखा जा रहा था। मौत से एक दिन पहले मंगलवार शाम को वह अपनी हाउसिंग में टहलती दिखी थी।

# पीओएस मशीनों से चालानी कार्रवाई में आयेगी गति: एडीजी

### बैंक ऑफ इण्डिया से हुआ एमओयू

**भोपाल।** आवागमन को सुरक्षित बनाने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। बैंकों से पीओएस मशीनों के लिये करार किया जा रहा है। इससे चालान वसूली में गति आयेगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान (पीटीआरआई) जी. जनार्दन ने बताया कि दुर्घटनाओं में कमी के लिये यातायात नियमों का पालन कराना जरूरी है।

उन्होंने बताया कि स्पॉट पर ही अर्थदण्ड वसूली के लिये बैंक ऑफ इण्डिया से एमओयू साइन किया गया है। इसका लाभ 12 जिलों में अर्थदण्ड वसूली में मिलेगा।

एडीजी ने बताया है कि पुलिस मुख्यालय में बैंक ऑफ इण्डिया के जोनल मैनेजर दीपक कुमार गुप्ता के साथ एमओयू साइन किया गया। करार अनुसार वर्ल्ड लाइन कम्पनी की 600 प्वाइंट ऑफ सेल मशीनें चालान वसूली के लिये मिलेंगी। इनसे जबलपुर संभाग के 5 जिलों, देवास संभाग के 4 जिलों एवं शहडोल संभाग के 3 जिलों में मशीनें आवंटित की जाकर चालान वसूली की जायेगी। श्री जनार्दन ने बताया कि अब तक बैंक ऑफ महाराष्ट्र, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया और बैंक ऑफ इण्डिया के साथ पीओएस मशीनों के लिये करार किया जा चुका है।

# भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ का जिला संयोजक भिंड नियुक्त किया है

संतोष सिंह भदौरिया

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे न्यूज़ भिंड** /भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष वी. डी शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद शर्मा की सहमति एवं जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर की अनुशंसा पर प्रदेश स्वयंसेवी संस्थाएं प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री राम रघुवंशी ने नीरज शर्मा को भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ का जिला



संयोजक भिंड नियुक्त किया है! उक्त जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी रमाकांत पटसारिया ने बताया है कि नीरज शर्मा की नियुक्ति पर भिंड सामाजिक जगत में हर्ष व्याप्त है नियुक्ति पर नीरज शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णु दत्त शर्मा एवं प्रदेश संघठन महामंत्री हितानंद शर्मा एवं जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर एवं वरिष्ठ भाजपा नेता,जिला पदाधिकारी एवं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं व सामाजिक बंधुओं को धन्यवाद ज्ञापित किया है!

## तरीका जानकर पुलिस भी रह गई हैरान

# जालसाज नोट जमा करने की मशीन में खपा रहे थे नकली नोट

भोपाल। राजधानी में क्राइम ब्रांच पुलिस ने दो आरोपितों को नकली नोट खपाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह दोनों आरोपित अफ्रीकी मूल के लोगों से बंगलुरु से पांच-पांच सौ रूपये के नकली नोट लाकर बैंक में बीएनए (नोट जमा करने की मशीन) की मदद से राशि को जमा कर इन्हें खपा रहे थे। पुलिस ने आरोपितों के पास से करीब तीन लाख 68 हजार के नकली नोट बरामद किए हैं। आरोपितों से पूछताछ और भी खुलासे हो



सकते हैं। क्राइम ब्रांच के एडीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान के मुताबिक आइडीबीआइ बैंक शाखा टीटी नगर प्रबंधक अतुल मिश्रा ने शिकायत की थी कि बीएनए (बंच नोट एक्सेप्टर) मशीन में 500-500 रुपए के 47 नकली नोट कुल 23500 रु राशि खाता अज्ञात व्यक्ति ने अपने खाते में डाले हैं। इस पर क्राइम ब्रांच ने एफआइआर दर्ज कर मामले में जांच शुरू की गई। इसी दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि एक आरोपित जेके रोड पर देखा गया है। उसकी शक्ल और हुलिया वैसा ही है, जैसा बैंक में नकली नोट जमा कराने वाले का नजर आया था। क्राइम ब्रांच की एक टीम मौके पर रवाना हुई और उसे घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया।बाद में उसे क्राइम ब्रांच लाकर पूछताछ की तो उसकी पहचान बंगला नंबर नौ केंट सागर निवासी 47 साल के संजय राजपूत के रूप में हुई। आरोपित अयोध्या नगर बायपास रोड पर किराये का कमरा लेकर रह रहा था। उसके पास से पुलिस ने पांच-पांच सौ के नकली नोट जब्त किए गए। आरोपित अपने कपड़े और घर में लगी घड़ी में नकली नोट छुपाए हुए थे। संजय ने बताया कि वह पवनीश कांत निवासी कानपुर के साथ

# प्रदेश में टायर जलाने के नहीं लगेंगे नये प्लांट

**भोपाल।** पर्यावरण मंत्री हरदीप सिंह डंग ने कहा कि प्रदेश में टायर जलाने के नये प्लांट को अब अनुमति नहीं दी जायेगी। इससे प्रदूषण में रोकथाम होगी। अभी प्रदेश की जिन सीमेंट फेक्ट्री में उच्च तापमान के कारण प्रदूषण नगण्य है। वे इसे जारी रख सकते हैं। मंत्री श्री डंग ने यह बात आज पर्यावरण विभाग और मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कही। कार्यपालन संचालक एप्को श्रीमन शुक्ला, सदस्य सचिव प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ए. मिश्रा और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**शिवना नदी में नहीं मिलेगा सीवेज का पानी:** मंत्री श्री डंग ने बताया कि मंदसौर जिले की शिवना नदी के पर्यावरण प्रबंधन के लिये केन्द्र शासन से प्रथम किश्त के रूप में 30 करोड़ रूपये की स्वीकृति मिली है। अभी शहर के सीवेज का गंदा पानी शिवना में जाने से नदी प्रदूषित हो रही है। स्वीकृत राशि से 8 किलोमीटर का ड्रेन सिस्टम निर्मित कर सीवेज को शहर के बाहर ऑक्सीनेटेड तालाब में प्रवाहित किया जाएगा। वर्षा का सम्पूर्ण जल नदी में यथावत मिलता रहेगा।

**पेड़ काटने के बदले कितने पेड़ लगाये, जानकारी लें:** मंत्री श्री डंग ने कहा कि कई जगह पर अस्पताल, स्कूल या अन्य अति आवश्यक निर्माण होने से पेड़ों की कटाई होती है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि ऐसे स्थलों की जानकारी प्राप्त करें कि उन्होंने बदले में कहाँ पर और कितने पेड़ लगाये हैं।

# गर्मी के कहर से आमजन झुलसा, दिन-रात चल रही गर्म हवाएं





### दोपहर में सड़कें हुई सूनी, देर शाम बाजार में लोग कर रही खरीददारी

### शहर का अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री से अधिक रहा रहा है। वहीं रात का तापमान 30 डिग्री दर्ज किया गया

भिण्ड। जिले में तेज धूप और गर्म हवाएं कहर बरपा रही है। गर्म हवाओं की वजह से भिंड शहर के कदम दोपहर में थम जाते हैं। सुबह 11 बजे से शाम साढे 4 बजे तक लोग अति आवश्यक कार्य से ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। शहर की ज्यादातर सडकें सूनी रहने लगी हैं। गर्मी को देखते हुए लोग बचाव के उपाए अपना रहे हैं। शहर में इन दिनों गर्मी के मौसम से बचाव करने में लोग जुटे हुए है। गन्ना का रस, खीरा, ककडी का बाजार गर्माया हुआ है। पारा की बढत के साथ ही लोग गर्मी पूरे समय कूलर और एसी का सहारा लेने को मजबूर है। इन दिनों गर्म हवाएं पूरे समय चल रही है। गर्मी का मौसम पूरे शबाब पर है। गर्म हवाएं कभी पूर्वी उत्तरी दिशा से बहने लगती है तो कभी दक्षिणी उत्तरी दिशा से बहती है। रात 12 बजे तक गर्म हवाओं का प्रकोप दिखने लगा है। सुबह तीन बजे के बाद हवा में बदलाव आ रहा है। गुरुवार को शहर के तापमान में वृद्धि रही, झुलसाने वाली लू के थपेडों ने लोगों को बेचैन किया। शहर को अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री से अधिक रहा रहा है। वहीं रात का तापमान 30 डिग्री दर्ज किया गया।

### चलने लगी तेज लू, घरों से निकलना हुआ मुश्किल

जिले में अभी गर्मी का प्रकोप थमा नही है। मौसम विभाग से जारी पूर्वानुमान के मुताबिक आगामी दो रोज में ग्वालियर चंबल संभाग में लू का प्रकोप बडने के आसार है। आगामी दो दिन में पारे में उछाल की आशंका जाहिर की जा रही है। ऐसे में मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए अलर्ट के मुताबिक आग नागरिकों को गर्मी से बचाव के उपाए करना अति आवश्यक है।

### जूस की दुकानों पर लग रही लाइन

गर्मी से राहत पाने के लिए लोगों की ठंडे की दुकानों पर लंबी, लंबी लाइन लग रही है गर्मी इतनी पड़ रही है लोगों का उमस के मारे बुरा हाल है, सुबह-शाम लोग स्नान कर रहे है, स्वीमिंग पुल भी फुल है लोग गर्मी से राहत पाने के लिए पूरे प्रयास में लगे हुए है फिर भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है।

## शिवराज सरकार का पिछडा वर्ग विरोधी चेहरा उजागरः रामशेष

### कमलनाथ के निकाय चुनाव में 27 प्रतिशत टिकट पिछडे वर्ग को देने को बताया स्वागत योग्य कदम



भिण्ड। मध्यप्रदेश में ओबीसी वर्ग के आरक्षण के बगैर पंचायत एवं नगरी निकाय के चुनाव कराने के माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कांग्रेस पार्टी ने राज्य की भाजपा सरकार पर ओबीसी के हितों पर कुठाराघात करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उच्चतम न्यायालय के इस फैसले से भाजपा की शिवराज सरकार का पिछड़ा वर्ग विरोधी चेहरा एक बार फिर से बेनकाब हो गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव रामशेष बघेल ने जारी प्रतिक्रिया में कहां है कि भाजपा की शिवराज सरकार शुरू से ही नहीं चाहती थी कि पिछड़े वर्ग के भाइयों बहनों को आरक्षण का किसी भी प्रकार का कोई भी लाभ मिले। कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछड़े वर्ग का आरक्षण समाप्त कराने के लिए भाजपा शुरू से ही तमाम हथकंडे एवं साजिशें करती रही है। कांग्रेस सरकार में तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने जब ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया था, तब भाजपा इसमें तरह तरह के अड़ंगेबाजी करती रही।

उन्होंने कहा कि पंचायत एवं नगरी निकाय में शिवराज सरकार ओबीसी वर्ग को आरक्षण का लाभ देने के पक्ष में नहीं थीए इसीलिए पूर्व में पंचायत चुनाव में इस तरह की पेचीदगियां डाली गई जिससे कि ओबीसी वर्ग आरक्षण से बाहर हो जाए। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने लंबी लड़ाई लड़कर भाजपा के इस षड्यंत्र को विफल किया था। उन्होंने कहा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने निकाय चुनाव में पार्टी के उम्मीदवारों में 27 प्रतिशत पिछडा वर्ग को टिकट देने के फैसलों को स्वागत योग्य बताया और कहा कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से ही शोषित पीडित वंचित वर्ग को न्याय देने का काम किया है।

## हवन यज्ञ व भंडारे के साथ हुआ श्रीमद्‌भागवत कथा का समापन

### अटेर जनपद के ग्राम खड़ीत में चल रही भागवत कथा, भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुतियां दीं और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया



भिण्ड। अटेर जनपद के अंतर्गत ग्राम खड़ीत में चल रही भागवत कथा बुधवार को संपन्न हो गई। कथा के समापन के बाद गुरुवार को हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुतियां दीं और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। भागवत कथा का आयोजन श्यामसुंदर कटारेए अवधेश कटारे एवं परिवार की ओर से श्री श्री 108 सुंदरदास जी महाराज चित्रकूट धाम के आशीर्वाद से करवाया गया। कथा व्यास अंतर्राष्ट्रीय कथाकार एवं समाज सुधारक आचार्य मनोज अवस्थी ने 7 दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुडने और सत्कर्म करने को कहा। उन्होंने कहा कि हवन.यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ.साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। श्री अवस्थी ने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद् भागवत से जीव में भक्तिए ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। कथा व्यास ने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला प्र का अर्थ प्रभुए दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन। जिसे हम सब प्रसाद कहते हैं यह हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन बुद्धि व चित्त को निर्मल कर देता है।

## अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर नर्सिंग स्टाफ को पुष्पाहार पहनाकर एवं पुष्पवर्षा कर किया गया सम्मानित



### कोविड-19 काल में सेवा भाव के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को गति प्रदान करने के लिए नर्स स्टाफ रहा महत्वपूर्ण योगदान रहा

भिण्ड। कोविड-19 काल में हमारे नर्सिंग स्टाफ ने पीड़ित परिवारों के लिए सेवा भाव का संकल्प लेकर उन्हें बचाने का काम किया और दिन-रात सेवाकर वैक्सीनेशन अभियान से लेकर अच्छी से अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं को उन तक पहुंचाने का कार्य किया है इसके लिए वह बधाई के पात्र है अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित जिला अस्पताल परिषद में उनके सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ शिव कुमार राजौरिया बोलते हुए व्यक्त किए। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉक्टर राजौरिया ने कहा कि जिला अस्पतालए उप स्वास्थ्य केंद्रों ग्रामीण व शहरी अंचलों में मरीजों के लिए कोई कठिनाइयां ना हों इसके लिए हमारी नर्स स्टाफ सेवा भाव से कार्य कर अपने दायित्व का निर्वाह करें।

इस अवसर जिला अस्पताल परिसर में आयोजित नर्सिंग सम्मान समारोह में जिला चिकित्सालय अधिकारी डॉ एस के व्यास ने कहा की अस्पतालों को हमारी नर्स मातृशक्ति की बहने पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा पराकाष्ठा के साथ कार्य करती हैं । हमारा व्यवहार मरीज और उनके अटेंडर तथा विभागीय अधिकारियों के प्रति अच्छा होना चाहिए काकी निष्पक्षता के साथ आगे आकर कार्य करें। जिला अस्पताल परिसर में सिविल सर्जन डॉ अनिल गोयल ने कहा कि सभी नर्स स्टाफ सेवा भाव से के साथ ओपीडी से लेकर वार्ड में कार करें और किसी भी दिक्कत या कठिनाइयां हो उसके लिए हम सब आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े। इस अवसर पर डॉक्टर डॉ देवेश शर्मा ने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग सेवा दिवस है आप सभी को बहुत.बहुत शुभकामनाएं और आपका कार्य हमेशा स्वास्थ्य सेवाओं के लिए वैक्सीनेशन कार से लेकर कोविड-19 काल हो या आपातकाल या कोई भी आपातकाल हो उसके लिए आपका सेवा कार्य हम सब के लिए प्रेरणादायक रहता है । हमारे चिकित्सक आपके साथ हमेशा खड़े रहेंगे और अच्छा सा अच्छा कार्य कर हमारी शासन की स्वास्थ्य सेवाओं को गरीब से गरीब तक पहुंचाने का कार्य आपकी जिम्मेदारी का निर्वाह करता है। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ शिव कुमार राजौरिया एवं वरिष्ठ चिकित्सक अधिकारियों ने अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर सभी मातृशक्ति का पुष्पहार पहनाकर और पुष्प वर्षा के साथ उनका स्वागत किया।

## डंपर ने दो बाईकों में मारी टक्कर, एक युवक की मौत तीन घायल



भिण्ड। गोहद थाना क्षेत्र अंतर्गत चितौरा के पास अतरौली से ग्वालियर जा रहे एवं सौरा मौ से खरौआ आरहे बाइक सवारों में डंपर की टक्कर लगने से एक युवक की मौत हो गई वहीं एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार अंकित शर्मा पुत्र नाथूराम शर्मा उम्र लगभग 23 वर्ष एवं रवि शर्मा पुत्र रामसिया शर्मा 30 वर्ष निवासीगण कतरोल थाना मौ प्लेटीना बाइक से ग्वालियर जा रहे थे वहीं दूसरी बाइक पर विमला पत्नी द्वारिका सिंह गुर्जर 60 वर्ष और गिर्राज पुत्र द्वारिका सिंह गुर्जर 24 वर्ष सौरा मौ से खरौआ जा रहे थे तभी चितोरा गांव नवोत्थान स्कूल के पास दोनों बाइकें आपस में भिड़ी उसी समय डंपर भी आगया जिससे गिर्राज गुर्जर की बाइक खंती की ओर चली गई और अंकित की बाइक रोड पर गिरी जहां डंपर के पहिए से अंकित का सिर कुचल गया रवि का हाथ कुचल गया वहीं विमला देवी को भी गंभीर चोट होने से रवि शर्मा और विमला देवी को ग्वालियर रैफर कर दिया गिर्राज का गोहद में इलाज जारी है घटना के समय लगभग सुबह 10 बजे जैसे ही पुलिस को सूचना मिली पुलिस ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया डंपर को जब्त करते हुए मामला दर्ज किया एवं मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द किया।



## पुलिस कप्तान शैलेन्द्र सिंह चौहान ने 15 निरीक्षक व 30 उपनिरीक्षकों सहित किया बड़ा फेरबदल



भिण्ड। पुलिस कप्तान शैलेन्द्र सिंह चौहान ने 15 निरीक्षक व 30 उपनिरीक्षकों को इधर से उधर किया है, जिसमें शहर कोतवाली की कमान पुलिस लाईन में पदस्थ्य निरीक्षक जितेन्द्र मावई को सौंपी हैं वहीं निरीक्षक केदार यादव को कोतवाली से पुलिस लाईन व निरीक्षक गोपाल सिंह सिकरवार गोहद थाने से पुलिस लाईन व निरीक्षक राजेश सातनकर पुलिस लाईन से थाना गोहद, निरीक्षक डीबीएस तोमर मेहगांव थाना प्रभारी को पुलिस लाईन भिण्ड व निरीक्षक कुशल सिंह भदौरिया को लहार से गोहद चौराहा व निरीक्षक ओमप्रकाश मिश्रा को गोहद चौराहा से पुलिस लाईन भिण्ड, निरीक्षक शिव सिंह यादव को थाना मौ से थाना लहार, निरीक्षक संजीव कुमार तिवारी पुलिस लाईन से थाना मौ, निरीक्षक राजकुमार शर्मा को पुलिस लाईन से थाना दबोह, निरीक्षक प्रमोद कुमार साहू को दबोह से थाना फूप, निरीक्षक उपेन्द्र कुमार छारी थाना फूप से पुलिस लाईन, निरीक्षक संजय सिंह इक्का थाना अटेर से पुलिस लाईन, निरीक्षक उदयभान सिंह यादव को पुलिस लाईन से थाना अटेर व निरीक्षक मनोज सिंह राजपूत को पुलिस लाईन से थाना अजाक पदस्थ्य किया गया है।

इसी तरह उपनिरीक्षक रेखा मिश्रा पुलिस लाईन से थाना देहात व उपनिरीक्षक प्रमोद सिंह तोमर पुलिस लाईन से थाना मिहोना, उपनिरीक्षक बृजेन्द्र सिंह तोमर थाना देहात से जिविशा भिण्ड, उपनिरीक्षक विजय कुमार शिवहरे को देहात से पुलिस चौकी अकोड़ा ऊमरी, उपनिरीक्षक आशीष यादव थाना गोहद चौराहा से शहर कोतवाली, अनीता गुर्जर को पुलिस लाईन से भारौली थाना, उपनिरीक्षक राजेश गौर पुलिस लाईन से शहर कोतवाली, उपनिरीक्षक वंदना शर्मा थाना गोरमी से थाना लहार, उपनिरीक्षक पूजा दौहरे थाना लहार से थाना ऊमरी, उपनिरीक्षक दीपेन्द्र सिंह यादव थाना अमायन से सायबर सैल प्रभारी, उपनिरीक्षक उपेन्द्र सिंह धाकड़ थाना मौ से थाना गोहद चौराहा, उपनिरीक्षक हरजेन्द्र सिंह चौहान थाना नयागांव से थाना पावई, उपनिरीक्षक कमलकांत दुबे थाना मिहोना से थाना नयागांव, उपनिरीक्षक सुधाकर सिंह तोमर को थाना पावई से थाना गोरमी, उपनिरीक्षक प्रवेन्द्र गौड़ पुलिस लाईन से थाना मौ, उपनिरीक्षक सुमन धाकड़ थाना ऊमरी से थाना मेहगांव, उपनिरीक्षक भैयालाल सनोलिया थाना पावई से थाना लहार, उपनिरीक्षक सुनील सिकरवार थाना गोरमी से थाना अमायन, उपनिरीक्षक हरी सिंह बघेल थाना रावतपुरा से थाना लहार, उपनिरीक्षक रामशरण शर्मा थाना देहात से थाना आलमपुर, उपनिरीक्षक अमित सिकरवार थाना बरोही से थाना देहात, उपनिरीक्षक शिवप्रताप सिंह को सायबर सैल से थाना बरोही, उपनिरीक्षक अनिल सिंह गुर्जर को थाना बरासों से थाना दबोह, उपनिरीक्षक चन्द्रप्रकाश सिंह जिविशा से थाना बरासों, उपनिरीक्षक आलोक तोमर को सुरपुरा से थाना देहात, उपनिरीक्षक सतेन्द्र सिंह कुशवाह थाना भारौली से थाना मेहगाँव, उपनिरीक्षक वैभव सिंह तोमर को गोरमी से थाना सुरपुरा, उपनिरीक्षक नीतेन्द्र सिंह मावई चौकी झांकरी से थाना देहात, उपनिरीक्षक अजय सिंह यादव थाना मालनपुर से चौकी झाँकरी व उपनिरीक्षक आदिल खान थाना लहार से थाना देहात पदस्थ्य किया गया है।



### फलदान-लगुन से वापस लौट रही लोडिंग गाड़ी पुलिया से टक्कराकर पलटी, एक की मौत

**आधा दर्जन घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में कराया भर्ती**

भिण्ड। एक लोडिंग वाहन दोपहर के समय भिंड से लगुन-फलदान में शामिल होकर रौन वापस लौट रहा था, स्पीड़ इतनी तेज थी कि पुलिया से टक्कराकर वाहन पलट गया, जिसमें सवार लोग घायल हो गये वहीं एक महिला की मौके पर दबने से मौत हो गई। हादसे की सूचना पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया वहीं मृतक महिला का पीएम कराकर परिजनों के सुर्पुद कर दिया। पुलिस के अनुसार फरियादी मातादीन पुत्र मंसोले दौहरे निवासी कस्बा रौन ने बताया कि बुधवार दोपहर 1.30 बजे लोडिंग वाहन चालक सतेन्द्र उर्फ मंतेश चला रहा था तेज व लापरवाही से चलाते हुए ग्राम गौरई में बनी पुलिया में टक्करा गया, जिससे लोडिंग गाड़ी पलट गई और लगनु-फलदान में शामिल होकर लौट रहे लोगों की चीख पुकार शुरु हो गई, इस घटना में एक महिला पूजना देवी पत्नी पेजराम दौहरे उम्र 65 वर्ष निवासी आईडिया टॉवर वाली गली की दवकर मौत हो गई। वहीं राहगीरों ने हादसे की सूचना तुरंत पुलिस को दी मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

## रेट में वृद्ध को लेकर कृषि उपज मंडी में हम्मालों की हड़ताल


### एक बोरे की तुलाई पर दस रुपए की रेट मिलती थी अब वे 20 रुपए दिए जाने पर अडे



भिंड कृषि उपज मंडी में हम्माल हडताल पर चले गए। हम्मालए तुलाई रेट की पल्लेदारी में वृद्धि को लेकर हडताल पर है। अब तक उन्हें एक बोरे की तुलाई पर दस रुपए की रेट मिलती थी। वे 20 रुपए दिए जाने पर अडे है। इस विषय पर पिछले एक सप्ताह में तीन बार हम्माल यूनियनए कृषि उपज मंडी प्रशासन और व्यापारी संघ के बीच वार्ता का दौर चला। अब तक हर बार बातचीत असफल रही। इसके बाद हम्माल यूनियन ने हडताल पर जाने की घोषणा कर दी। इस वजह से फसल बेचने आ रहे किसानों को खासी परेशानी हो रही है।

कृषि उपज मंडी भिंड में अचानक हम्मालों ने हडताल पर जाने की घोषणा कर दी। हम्मालों का तर्क है कि पिछले कई सालों से उनका मेहताना में वृद्धि नहीं हुई है। जबकि देश में लगातार पेट्रोलए डीजलए रसोई गैसए सब्जी समेत अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं में वृद्धि हो चुकी है। ऐसे में हम्माल.पल्लेदार संघ ने मेहताना वृद्धि की मांग को मंडी प्रबंधन के समक्ष रखा था। इसके बाद वे लगातार मेहताना वृद्धि को लेकर मांग करते आए। पिछले एक सप्ताह से तीन बार हम्माल.पल्लेदार संघ और मंडी प्रबंधनए व्यापारी संघ की बैठ हुई। अंतिम बैठक 10 मई को हुई जिसमें व्यापारी संघ द्वारा सात रुपए और सात रुपए किसान की ओर से दिए जाने का निर्णय लिया गया। इसके बावजूद बात नहीं बनी। बुधवार को मंडी में गेहूं की तुलाई की गई। शाम के समय जब सरसों की तुलाई की बारी आई तो हम्मालों ने हाथ खडे कर दिए। इस वजह से बीच में ही तुलाई रोक दी गई।

# लोहपीटा समुदाय के परिवारों के विकास एवं उत्थान के लिए नगर निगम बनाएगा स्वयं सहायता समूह





ग्वालियर। नारायण बिहार कॉलोनी एवं गोले का मंदिर क्षेत्र में रहने वाले लोहापीटा समुदाय के परिवारों के विकास एवं उत्थान के लिए नगर निगम ग्वालियर के श्रमकल्याण विभाग द्वारा सर्वे कर ऐसे सभी परिवारों के स्वयं सहायता समूह बनाकर उन्हें शासन से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वह अपने लोहा पीटने एवं अन्य उपकरण बनाने के लिए मशीनों का उपयोग कर सकेगें। जिससे उनकी मेहनत कम लगेगी और उत्पाद ज्यादा बनेगा।

उपायुक्त सुश्री मिनी अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अपर कलेक्टर श्री इच्छित गढपाले द्वारा नारायण बिहार कॉलोनी एवं गोले का मंदिर क्षेत्र में रहने वाले 28 लोहापीटा समुदाय के परिवारों की सूची प्रदान कर इनका सर्वे कर रोजगार एवं उनके उत्थान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल एवं अपर कलेक्टर श्री गढपाले के निर्देशानुसार गुरुवार 12 मई को सभी 28 लोहापीटा समुदाय के परिवारों का सर्वे कर लिया गया है तथा उनके आवश्यक दस्तावेज एकत्र किए जाकर स्वयं सहायता समूह बनाने की प्रक्रिया की जा रही है। जिससे उन्हें शासन की योजनानुसार ऋण आदि प्रदान किया जा सके और वह अपने कार्य में मशीनरी का उपयोग कर अपना हुनर व रोजगार का विस्तार कर सकें।

## सम्पत्तिकर एवं जलकर में लें शत प्रतिशत तक अधिभार में छूट का लाभ, नेशनल लोक अदालत 14 मई को

ग्वालियर। सम्पत्तिकर एवं जलकर के लंबित प्रकरणों में वसूली के लिए एवं प्रकरणों के निराकरण के लिए 14 मई 2022 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में बकाया सम्पत्त्किर एवं जलकर के अधिभार में शत प्रतिशत तक छूट का लाभ प्रदान किया जा रहा है। वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष के सम्पत्तिकर पर नियमानुसार 6 प्रतिशत छूट का लाभ प्राप्त करें। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय सदस्य सचिव मप्र राज्य/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला न्यायालय ग्वालियर के आदेशानुसार लोकआदलत का आयोजन नगर निगम के समस्त क्षेत्रीय/वार्ड कार्यालय क्रमांक 1 लगायत 25 एवं जिला न्यायालय परिसर में किया जाएगा। उपायुक्त श्री एपीएस भदौरिया ने बताया कि शहर के नागरिकों के सम्पत्तिकर के लंबित वसूली प्रकरणों के निराकरण के लिए आयोजित लोक अदालत में कर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रुपए तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट रहेगी। ऐसे प्रकरण जिनमें 50 हजार से 1 लाख तक की राशि बकाया है, उनके अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट एवं 1 लाख रुपए से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही जल उपभोक्ता प्रभार/जलकर के ऐसे प्रकरण जिन पर कर एवं अधिभार की राशि 10 हजार रुपए तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट रहेगी। ऐसे प्रकरण जिनमें 10 हजार से 50 हजार तक की राशि बकाया है, उनके अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट एवं 50 हजार रुपए से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट केवल एक बार में ही दी जाएगी।

### क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ 11 जनमित्र केन्द्रों पर भी होगा जलकर जमा

अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 मई 2022 को आयोजित लोक अदालत में जलकर राशि जमा करने के लिए उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु नगर निगम ग्वालियर के द्वारा सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ ही 11 जनमित्र केंद्रों में अतिरिक्त जलकर कलेक्शन सेंटर बनाए गए हैं। जिसमें जनमित्र केंद्र क्रमांक 2 नौमहला, जनमित्र केंद्र क्रमांक 4 तानसेन नगर, जनमित्र केंद्र क्रमांक 5 कांचमिल रोड, जनमित्र केंद्र क्रमांक 6 प?ाव, जनमित्र केंद्र क्रमांक 8 दीनदयाल नगर, जनमित्र केंद्र क्रमांक 9 टप्पा तहसील कार्यालय मुरार, जनमित्र केंद्र क्रमांक 11 सिंचाई कॉलोनी, जनमित्र केंद्र क्रमांक 12 रोशनीघर, जनमित्र केंद्र क्रमांक 16 जीवाजीगंज, जनमित्र केंद्र क्रमांक 18 गोरखी टंकी के साथ ही जलकर राशि जमा करने के लिए सभी उपखंडों के कलेक्शन सेंटर एवं नगर निगम मुख्यालय लाल बिल्डिंग सिटी सेंटर में भी जलकर राशि जमा की जा सकेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पेंशनरों को हर हाल में न्यूनतम पेंशन दिलाने की पहल

ग्वालियर। संचालक पेंशन भविष्य निधि के मार्गदर्शन में पेंशनरों को जागरूक करने के लिये एक अभिनव प्रयास किया जा रहा है। जिसके तहत यह पता लगाया जा रहा है कि पेंशनरों को न्यूनतम पेंशन मिल रही है अथवा नहीं । पेंशनरों से अपील की गई है कि यदि किसी भी पेंशनर को न्यूनतम पेंशन से कम पेंशन का भुगतान हो रहा है तो ऐसे पेंशनर मोतीमहल स्थित संभागीय पेंशन कार्यालय ग्वालियर एवं चंबल संभाग में अवश्य संपर्क करें, जिससे उन्हें न्यूनतम पेंशन देने के लिये बैंकों को निर्देशित किया जा सके।

कक्षा 5वीं और 8वीं का रिज़ल्ट 13 मई को

### कई वर्षों के बाद हुआ बोर्ड परीक्षा के समान मूल्यांकन

**परिणाम के आधार पर कक्षोन्नति, पूरक परीक्षा और अनुत्तीर्ण के प्रावधान**

ग्वालियर। प्रदेश के शासकीय विद्यालयों की कक्षा 5वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों के वार्षिक मूल्यांकन का परिणाम 13 मई को दोपहर 3 बजे घोषित किया जायेगा। प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरूण शमी, राज्य शिक्षा केन्द्र के सभाकक्ष क्रमांक-2 में पोर्टल पर क्लिक कर परिणाम घोषित करेंगी। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण राज्य शिक्षा केन्द्र के यू-ट्यूब चैनल https://youtu.be/}i_zHGEpP~s पर दोपहर 2¬55 बजे से किया जायेगा। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री धनराजू एस ने बताया कि कक्षा 5वीं की परीक्षा में लगभग 8 लाख 26 हजार और कक्षा 8वीं परीक्षा में लगभग 7 लाख 56 हजार विद्यार्थी सम्मिलित हुए हैं। ये सभी विद्यार्थी अपना परिणाम राज्य शिक्षा केन्द्र पोर्टल की पब्लिक लिंक https://www.rskmp.in/BoardE&am/Result/StudentResult.asp& पर अपना समग्र आई.डी. डालकर देख सकेंगे। साथ ही शिक्षक अपनी कक्षा का विद्यार्थीवार एवं प्रभारी शिक्षक/हेडमास्टर अपने स्कूलों का विद्यार्थी और कक्षावार परिणाम भी राज्य शिक्षा केन्द्र के पोर्टल www.rskmp.in पर लॉग इन कर देख सकेंगे। उल्लेखनीय है कि लगभग 12 वर्षों बाद प्रदेश में कक्षा 5वीं और 8वीं का वार्षिक मूल्यांकन, बोर्ड परीक्षाओं के अनुरूप किया गया है। इसमें राज्य स्तर से परीक्षा प्रश्न पत्रों का निर्माण, नजदीकी स्कूलों में परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण, दूसरे स्कूलों और दूसरे जिलों में कॉपियों का मूल्यांकन तथा केन्द्रीकृत तथा ऑनलाइन परिणाम जैसी प्रक्रियाएँ अपनाई गई हैं। साथ ही शिक्षा का अधिकार कानून में किए गए संशोधन के आधार पर इस वर्ष से वार्षिक मूल्यांकन के आधार पर अगली कक्षा में कक्षोन्नति, पूरक परीक्षा और अनुत्तीर्ण होने पर उसी कक्षा में रोके जाने के प्रावधान भी किए गए हैं।

### डीएलएड के ऑनलाइन फार्म भरने और परीक्षा की तिथियाँ बढ़ी

ग्वालियर। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित डीएलएड द्वि-वर्षीय पाठ्यक्रम मुख्य परीक्षा प्रथम व द्वितीय वर्ष के परीक्षार्थियों के लिये ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने की अवधि बढ़ा दी है। अब ऑनलाइन परीक्षा फार्म 17 मई 2022 तक भरे जा सकेंगे। परीक्षा नियंत्रक माध्यमिक शिक्षा मण्डल से प्राप्त जानकारी के अनुसार डीएलएड द्वि-वर्षीय पाठ्यक्रम की परीक्षाओं की तिथि भी ब?ा दी गई है। अब यह परीक्षाएँ 2 जून से शुरू न होकर जुलाई 2022 के दूसरे हफ्ते में शुरू होंगीं। परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम पृथक से जारी किया जायेगा।

### 'भक्तिमती शबरी' और 'निषादराज गुह्य' लीलाओं का मंचन 19 व 20 मई को

**जीवाजी विश्वविद्यालय के गालव सभागार में होगा मंचन**

ग्वालियर। श्रीराम कथा साहित्य में वर्णित वन चरितों पर आधारित दो विशिष्ट लीलायें ÷भक्तिमती शबरी÷ और ÷निषादराज गुह्य÷ का मंचन ग्वालियर में होगा। राज्य शासन के संस्कृति विभाग ने यह नाट्य लीलाएँ तैयार कराई हैं। साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों में इन वनवासी लीलाओं का मंचन कराया जा रहा है। इस क?ी में जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के गालव सभागार में 19 व 20 मई को इन लीलाओं का मंचन होगा। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को इन नाट्य लीलाओं के मंचन के लिये सभी इंतजाम करने के निर्देश दिए। अपर जिला दण्डाधिकारी श्री इच्छित ग?पाले से प्राप्त जानकारी के मुताबिक भक्तिमती शबरी लीला का मंचन सुश्री गीतांजलि के निर्देशन में जाने-माने कलाकारों द्वारा किया जायेगा। इसी तरह निषादराज गुह्य लीला का मंचन श्री हिमांशु द्विवेदी के निर्देशन में होगा।

### स्वच्छता में लापरवाही पर 4 चालकों की सेवाएं समाप्त

ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने स्वच्छता में लापरवाही करने वाले ईकोग्रीन से अधिग्रहीत किए गए ग्वालियर डिपो कार्यशाला में कार्यरत 4 वाहन चालकों को अपनी डयूटी से लम्बे समय तक गायब रहने पर सेवा से पृथक करने के आदेश जारी किए। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा जारी आदेशानुसार नगर निगम ग्वालियर में ईकोग्रीन से अधिग्रहीत किए गए ग्वालियर डिपो कार्यशाला में कार्यरत 4 वाहन चालकों भारत राजपूत, राजेन्द्र दादौरिया, विकास चंदेल एवं आकाश छात्रे जो कि लम्बे समय से अपनी डयूटी से अनुपस्थित होने के कारण 31 मार्च 2022 को डिपो प्रभारी उपनगरीय कार्यशाला ग्वालियर विधानसभा द्वारा कारण बताओ नोटिस दिया गया था।

## क्राईम ब्रांच व थाना डबरा सिटी पुलिस ने लूट की घटना का किया खुलासा



ग्वालियर। फरियादी अंशुल गुप्ता ने थाना डबरा सिटी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जब यह अन्नपूर्णा फाईनेंस कम्पनी का 5-6 दिन का कैश करीब 11,77,000/-रूपये एसबीआई में जमा करने जा रहा था तो उसको एम.एस. मैरिज गार्डन के पास दो व्यक्तियों ने डंडा मारकर पैसा छीन लिया था। जिस पर से फरियादी की रिपोर्ट पर थाना डबरा सिटी में लूट का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। उक्त सनसनीखेज लूट की घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जिला ग्वालियर श्री जयराज कुबेर एवं अति0 पुलिस अधीक्षक (अपराध)ग्वालियर श्री राजेश डण्डोतियाको उक्त लूट के प्रकरण की मॉनीटरिंग कर प्रकरण का शीघ्र खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु लगाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं अति0 पुलिस अधीक्षक (अपराध)ग्वालियर द्वारा उक्त घटना की स्वयं मॉनीटरिंग करते हुए थाना डबरा सिटी पुलिस एवं क्राईम ब्रांच की संयुक्त टीम बनाकर लूट के आरोपियों की पतारसी कर धरपकड़ हेतु लगाया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसारअपराध शाखा के उप पुलिस अधीक्षक द्वय एवं एसडीओपी डबरा श्री विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डबरा सिटी निरीक्षक विनायक शुक्ला एवं थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरीक्षक दामोदर गुप्ता के नेतृत्व में थाना डबरा सिटी पुलिस एवं क्राईम ब्रांच की संयुक्त टीम द्वारा घटना दिनांक से ही आसपास के क्षेत्र से लगभग 300 सीसीटीव्ही फुटेज देखे गये साथ ही विवेचना के दौरान ज्ञात हुए संदिग्ध 1000 मोबाइल नम्बर एवं लगभग 100 से अधिक संदेहियों से पुलिस टीम द्वारा लगातार पूछताछ की गई। विवेचना में आये तथ्यों एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर ज्ञात हुआ कि फरियादी द्वारा विगत कई दिनों से आईपीएल पर सट्टा खेला जा रहा था साथ ही उसके सट्टे में मोटा पैसा हारने के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई। उक्त जानकारी के आधार पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा पुलिस टीम को उक्त सूचना के आधार पर विवेचना को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा अग्रिम विवेचना के दौरान यह पता चला कि फरियादी के ऊपर आईपीएल के पैसे देने का दबाव था। उससे की गई पूछताछ में उसके द्वारा बताया गया कि वह बैंक के पैसों में से बहुत सारे पैसे मैच के सट्टे में हार गया थाजिन्हे शीघ्र ही मेरे द्वारा बैंक में पैसे जमा कराया जाना था अन्यथा मेरी नौकरी चली जाती,इसलिए इसके द्वारा एक व्यक्ति के माध्यम से स्वयं को लूटने कीयोजना बनाई, तब योजना में शामिल मेरे साथी द्वारा पूछा गया कि कितना पैसा है तो मैने बताया कि रिकॉर्ड के अनुसार 11,77,000/-रूपये जमा होना है परन्तु वास्तविकता में मात्र 6,20,000/-रूपये हैं। तुम कोई ऐसा षड्यंत्र रचो जिससे में भी बच जांऊ और तुम्हारा पैमेंट भी हो जाए। उक्त जानकारी के बाद सटोरिए द्वारा फरियादी को दो अन्य लोगों से मिलवाया और लूट का पूरा प्लान बताया साथ ही दोनों व्यक्तियों को यह भी जानकारी दी गई कि घटना के दौरान फरियादी तुम्हारा विरोध नही करेगा। इस पूरे प्लान के अनुसार इनके एक अन्य साथी द्वारा आसपास के क्षेत्र की रैकी की गई थी। फरियादी का दिनांक 06.05.2022 को ठीक 03:00 बजे एम.एस. गार्डन के पास से गुजरना तय हुआ। बनाये गये प्लान के अनुसार फरियादी नियत दिनांक व समय पर अपने एक अन्य साथी के साथ मोटर सायकिल पर बैंक में पैसा जमा करने के बहाने उक्त स्थान पर पहुंचा तो पहले से ही तैयार दो साथियों द्वारा पीछे बैठे व्यक्ति को डण्डा मारकर पैसों का बैग छीन लिया।

## महाराज बाडा क्षेत्र में हटाया अतिक्रमण, यातायात किया सुगम



ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर के मदाखलत अमले द्वारा आज गुरुवार को दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में अभियान चलाकर स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई तथा यातायात को सुगम किया गया। इसके साथ ही अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई। मदाखलत अधिकारी ग्वालियर दक्षिण श्री सतेन्द्र सिंह भदौरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में सुगम यातायात के लिए महाराज बा?ा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर लगी फुटपाथी दुकानो, हाथ ठेलो सहित अन्य अस्थाई अतिक्रमण को मदाखलत दल द्वारा राउन्ड लगाकर मदाखलत दल (दक्षिण) द्वारा हटवाने की कार्यवाही की गई। इसके उपरान्त नोडल अधिकारी मदाखलत श्री केशव सिंह चौहान द्वारा निर्धारित तय स्थानों पर मदाखलत अमले के सदस्यो को महाराज बाड़ा क्षेत्र अंतर्गत तैनात किया गया।

## व्यापारियों को हरसंभव मदद करेंगे : कमल माखीजानी

### भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बनने पर दीपक पमनानी का स्वागत किया गया



ग्वालियर। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के जिला संयोजक दीपक पमनानी को हाल ही में भारती जनता पार्टी ग्वालियर व्यापार प्रकोष्ठ का जिला संयोजक बनाये जाने पर होटल सेन्ट्रल पार्क में कैट द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी ने कहा कि व्यापारियों को हरसंभव सहयोग करेंगे एवं बाजार स्तर से लेकर जिला स्तर की समस्याओं को स्थानीय स्तर पर, प्रदेश स्तर पर एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने का कार्य व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक दीपक पमनानी करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके जिला संयोजक बनने से कैट को और ताकत मिलेगी एवं व्यापारियों को लाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रतीक तिवारी ने कहा कि किसी भी शहर की रौनक उस शहर के व्यापारियों से होती है। व्यापारी हमारे लिए सदैव आदरणीय हैं और उनका नेतृत्व दीपक पमनानी संगठन में बेहतर तरीके से कर सकते हैं। इस अवसर पर कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने दीपक पमनानी का अभिनंदन करते हुए कहा कि नीति और नीयत में कहीं भी परेशानी होगी तो दीपक जी हमारे सहयोगी और मददगार होंगे। कई बार शासन की नीति को गलत नीयत वाली व्यवस्था की कमी से परेशानी पैदा होती है, इसमें दीपक जी सदैव उसे दूर करने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम में दीपक पमनानी ने विश्वास जताया कि हम भाजपा की नीतियों के प्रति अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए व्यापारिक हितों के लिए कार्य करने एवं वरिष्ठ नेतृत्व के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

## भाजपा ने पिछड़े वर्ग के साथ किया विश्वासघात : देवेन्द्र शर्मा

ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह ने आज ओबीसी के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, ओबीसी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान की दोहरी बात पर क?ा हमला करते हुए कहा कि भाजपा ने पिछ?ा वर्ग के साथ विश्वासघात किया है और चुनाव से दूर किया है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह, कांग्रेस उपाध्यक्ष उदल सिंह, रमेश चैरसिया, अवधेश कोरव, ओमप्रकाश राजपूत, महामंत्री रमेश राजपूत, महेन्द्र प्रताप सिंह घुरैया बंटी, जीवाजी राव मंडोले, सचिव सुरेश कुशवाह, डॉ. श्रीराम सविता, डॉ. एसके सिसोदिया, अवधेश साहू, कार्यकारिणी सदस्य भोला पाल ने आज भाजपा को ओबीसी विरोधी बताते हुए कहा कि भाजपा ने ओबीसी का पक्ष सही ढंग से प्रस्तुत नही किया और यह भाजपा की साजिश का हिस्सा है, ओबीसी वर्ग को चुनाव से वंचित किया है, ओबीसी के नाम पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमत्री बन जाते है, ओबीसी वर्ग के नाम पर शिवराज सिंह मुख्यमंत्री बन जाते है।






स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478